रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/2001 REGISTERED No. DL—33001/2001

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 26, 2001 (ज्येष्ठ 5, 1923)
No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 26, 2001 (JYAISTHA 5, 1923)

LIBRARIAT LIBRARY GOVERNMENT OF INDIA

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	371
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	409
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और अतिविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	891
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	2119
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेंटों और डिजाइनों से संबन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	579
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अन्य द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	3313
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	107
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए ।

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 371

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 409

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . 3

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 591

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PAGE

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . . 2119

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 579

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . —

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 3313

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies . . 107

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi . *

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 2001

सं० 56-प्रेज/2001—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्यों के लिए 'कीर्ति चक्र' प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट माएकर नरेन्द्र आत्माराम (एन सी-00135), ई एम ई 11 सिख
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 फरवरी, 2000)

लेफ्टिनेंट माएकर नरेन्द्र आत्माराम ने पक्की सूचना मिलने पर असम के नौगांव जिले के बगारीगुड़ी नामक गांव में एक मोहल्ले में तलाशी कार्रवाई आरम्भ की जहां उल्फा के दुर्दांत आतंकवादी छुपे हुए थे। 26 फरवरी, 2000 को लगभग 2230 बजे जब वे उस मकान की ओर बढ़ रहे थे तभी वहां से अचानक उन पर गोलियां चलाई गईं जोकि उनके पेट में लगी। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे अपने दल के साथ उस मकान पर टूट पड़े। अत्यधिक खून बह जाने के बावजूद वे आतंकवादियों के साथ भिड़ गए और अत्यन्त नजदीक से उनमें से दो को मार गिराया। उन्होंने आतंकवादियों से लोहा लेने के लिए अपने दल को प्रेरित किया। उनकी वीरतापूर्ण और सतत् कार्रवाई से उनके जवानों को काफी प्रेरित किया जिससे उल्फा के तीन दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया और शस्त्र, गोलाबारूद और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। सभी आतंकवादियों का सफाया हो जाने तक इस अफसर ने वहां से हटाए जाने से इंकार कर दिया। बाद में अपने जख्मों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए।

लेफ्टिनेंट माएकर नरेन्द्र आत्माराम ने अटल साहस, उत्कृष्ट बहादुरी और अदम्य भावना का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुरूप सर्वोच्च बलिदान दिया।

2. मेजर प्रदीप आर० ताथावाड़े (आई सी-41913)
8 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 जून 2000)

17 जून, 2000 को जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के शाहपुर में एक कार्रवाई में उपकमांडर मेजर प्रदीप ताथावाड़े 6 दुर्दांत विदेशी भाड़े के आतंकवादियों की खोज का नेतृत्व करने को स्वेच्छा से आगे आए। इस अफसर ने घनी वनस्पति से भरे जंगल के भीतरी भाग में उन आतंकवादियों को ढूंढ निकालने में चुस्त नेतृत्व का प्रदर्शन किया। उन्होंने बड़ी दक्षता के साथ जवानों को तैनात करते हुए वहां घेरा डाल दिया। इसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी के बीच इस अफसर ने तीन आतंकवादियों को भागने का प्रयास करते हुए देख लिया। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए भारी गोलाबारी से पूर्णतः अविचलित यह अफसर रेंगता हुआ एक ओर से उन आतंकवादियों की ओर बढ़ा। उनके नजदीक पहुंच कर उसने आड़ छोड़ दी और दो आतंकवादियों को भून डाला। तीसरे आतंकवादी को पकड़ने के लिए जब वह आगे बढ़े तो दोनों गुत्थम-गुत्था हो गए और उसके बाद दोनों ने एक दूसरे पर गोली चला दी। इस अफसर के साथी द्वारा उस आतंकवादी को भून डालने से पहले यह अफसर घातक रूप से जख्मी हो गया। उपचार हेतु ले जाए जाते समय अपने जख्मों के कारण रास्ते में ही यह अफसर वीरगति को प्राप्त हो गया।

मेजर प्रदीप आर० ताथावाड़े ने आतंकवादियों द्वारा की जा रही गोलाबारी के सम्मुख उत्कृष्ट वीरता, अतुलनीय साहस और कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

3. कैप्टन आर० सुब्रामनियन (आई सी-56963),
1 पैरा (विशेष बल)
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 जून, 2000)

17 जून, 2000 को जब कैप्टन आर० सुब्रामनियन अपनी आकस्मिक छुट्टी से वापस आए तो उससे पहले ही उनके दल को जम्मू-कश्मीर में हफरूदा के जंगल में तैनात कर दिया गया

था । वह कार्रवाई स्थल पर पहुंच गए जहां उनके दल का 18 जून, 2000 को 1430 बजे घुसपैठ कर रहे विदेशी आतंकवादियों के एक दल से सामना हो गया था । इसके बाद हुई मुठभेड़ में छह विदेशी आतंकवादी मारे गये और उनसे एक आर पी जी लांचर तथा दो ए के 27 राइफलें बरामद हुई ।

अगले दिन अर्थात 19 जून, 2000 को 0700 बजे जब इस क्षेत्र में खोजी कार्यवाई पुनः आरंभ की गई तो कैप्टन आर० सुब्रामनियन ने आगे-आगे रह कर दल का नेतृत्व करने की इच्छा व्यक्त की । 0800 बजे आगे चल रहे स्काउटों पर गोलीबारी होने लगी और वे बहुत नजदीक से आतंकवादियों से घिर गए । कैप्टन आर० सुब्रामनियन अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए एक ओर से आतंकवादियों की ओर बढ़े और उनमें से दो को मार गिराया । किंतु छिपे हुए तीसरे आतंकवादी ने उन पर ए के 47 राइफल से गोलियों की बौछार करके उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया । कैप्टन आर० सुब्रामनियन ने अपने जख्मों की तनिक भी परवाह न करते हुए उस आतंकवादी पर हमला कर उसे भून डाला और उसके बाद अपने जख्मों के कारण वे भी वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस प्रकार कैप्टन आर० सुब्रामनियन ने आतंकवादियों के सम्मुख अनुकरणीय साहस, बहादुरी और उत्कृष्ट युद्धक नेतृत्व का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया ।

4. लैफ्टिनैन्ट रविन्द्र छिकारा (आई सी-58158), 6 ग्रेनेडियर्स

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 जुलाई, 2000)

19 जुलाई, 2000 को लैफ्टिनेंट छिकारा ने जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले में नैली नामक गांव में एक कार्रवाई के दौरान घातक प्लाटून का नेतृत्व किया । पक्की सूचना मिलने पर लेफ्टिनेंट रविन्द्र छिकारा ने 1030 बजे कार्रवाई आरंभ की । उनका दल आतंकवादियों द्वारा एक पूर्णतः सुरक्षित ठिकाने से की जा रही भारी गोलीबारी में घिर गया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वह गोलियों की बौछार के बीच एक ओर से आतंकवादियों की ओर बढ़े और आतंकवादियों के सुदृढ़ ठिकाने पर हमला बोल दिया और दोनों ओर से भीषण गोलाबारी में एक आतंकवादी को मार गिराया । अन्य आतंकवादियों ने गोलाबारी करते हुए बड़े शिलाखंडों के पीछे सुरक्षित पोजीशन ले ली । इस अफसर ने उन आतंकवादियों का पीछा किया और एक अन्य आतंकवादी को ढेर कर दिया किन्तु उनके सीने पर कई गोलियां लग गईं । बहुत अधिक खून बहते जाने के बावजूद वे एक अन्य आतंकवादी पर झपट पड़े और वीरगति को प्राप्त होने से पहले गुत्थमगुत्था भिड़ंत में उसे भी मार गिराया । उनके अनुकरणीय नेतृत्व से प्रेरित होकर, अब तक आतंकवादियों की गोलीबारी के बीच घिरे उनके सैन्य दल ने हमला बोलकर तीन और आतंकवादियों को मार गिराया और इस प्रकार कुल छह आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया और बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोलीबारूद बरामद किए गए ।

लैफ्टिनेंट रविन्द्र छिकारा ने अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए उत्कृष्ट वीरता और दायित्व से बढ़कर समर्पण भावना का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया ।

5. विंग कमांडर राजीव कोठियाल (15696) उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 4 जनवरी 2001)

विंग कमांडर राजीव कोठियाल को 15 जून, 1979 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन प्रदान किया गया था । विभिन्न लड़ाकू स्क्वाड्रनों में सफलतापूर्वक अपना सेवाकाल पूरा कराने के बाद उन्होंने अग्रिम पंक्ति की वायु श्रेष्ठता वाली मिग-29 स्क्वाड्रन में फ्लाइट कमांडर के रूप में कार्य किया । इस कार्यकाल के पूरा होने पर अमरीकी वायुसेना टेस्ट पायलट स्कूल में एक्सपरीमेंटल टेस्ट पायलट कोर्स के लिए उनका चयन किया गया । उन्होंने मई, 1990 में इस प्रतिष्ठित संस्था से सफलतापूर्वक स्नातक की डिग्री प्राप्त की । फरवरी, 1995 में विंग कमांडर कोठियाल का हल्का लड़ाकू विमान परियोजना के लिए टेस्ट पायलट के रूप में चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए चयन किया गया । तब से वे हल्का लड़ाकू विमान के डिजायन और विकास के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और हल्का लड़ाकू विमान परियोजना के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण पायलट सेवा प्रदान कर रहे हैं । डिजीटल फ्लाई बाइ वायर उड़ान नियंत्रण प्रणाली, कॉकपिट वास्तुशिल्प और पायलट की जांच सूचियों तथा आपातकालीन प्रक्रियाओं के लिए नियंत्रण व्यवस्था का सफलतापूर्वक विकास किए जाने का श्रेय विंग कमांडर कोठियाल के व्यावसायिक अध्यवसाय और उनकी प्रतिभा के इस्तेमाल को जाता है । विकास कार्यकलापों में सफलतापूर्वक हिस्सा लेने के बाद विंग कमांडर कोठियाल को हल्का लड़ाकू विमान के प्रथम आदिरूप की पहली उड़ान का कार्य 4-1-2001 को सौंपा गया । यह पहला अवसर था जब पूर्णतः भारत में विकसित किसी विमान को फ्लाई बाइ वायर उड़ान नियंत्रक प्रणाली से उड़ान भरनी थी । इस जटिल प्रणाली में फ्लाई बाइ वायर उड़ान नियंत्रण प्रणालियां लगी हुई हैं जिनके द्वारा किसी असंतुलित विमान को बेहद फुर्ती से उड़ाया जा सकता है । विंग कमांडर कोठियाल ने बड़ी सावधानी से उड़ान की योजना बनाई और हर आकस्मिकता से निपटने की व्यवस्था सुनिश्चित की । विंग कमांडर कोठियाल ने अत्यंत अनुकरणीय ढंग से प्रथम परीक्षण उड़ान भरी ।

प्रथम उड़ान कार्य में विंग कमांडर कोठियाल ने असाधारण व्यावसायिकता, साहस तथा बहादुरी का प्रदर्शन किया जो कि भारतीय वायुसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुरूप थी ।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 57-पेंज 2001—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए 'शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री धर्मपाल, जम्मू-कश्मीर

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 सितम्बर, 1999)

12 सितम्बर, 1999 को लगभग 2100 बजे जब श्रीमती बिमला देवी तथा उनके पुत्र श्री धर्मपाल घर में अकेले थे तो दो हथियारबंद आतंकवादी उनके घर पहुंचे। आतंकवादियों ने श्रीमती बिमला देवी को धमकी दी तथा भोजन और पानी मांगा। श्रीमती बिमला देवी शांत रही तथा आतंकवादियों को अंदर आने के लिए कहा। श्री धर्मपाल ने आतंकवादियों को बातचीत में उलझा लिया तथा उनकी माता पानी लाने के बहाने घर से बाहर निकल गई तथा पड़ोसियों को खबर कर दी। इसी बीच, एक आतंकवादी को संदेह हो गया तथा जब उसने बाहर निकल कर गांव वालों के आने की आवाज सुनी तो वह भागने की कोशिश करने लगा। श्री धर्मपाल ने तुरंत उसका पीछा किया। इस आतंकवादी ने श्री धर्मपाल पर गोली चलाने की कोशिश की परंतु ऐसा करने से पहले ही श्री धर्मपाल उस पर कूद पड़े तथा उग्रवादी से हथियार छीन कर उस पर काबू कर लिया। दूसरे उग्रवादी को उनकी माता तथा ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पकड़े गए उग्रवादियों में से एक उग्रवादी भूतपूर्व पाकिस्तानी सैनिक था। इन उग्रवादियों के पकड़े जाने से काफी मात्रा में हथियार तथा गोलाबारूद भी बरामद किए गए।

इस प्रकार श्री धर्मपाल ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह किए बिना एक हथियारबंद उग्रवादी को काबू करने और पकड़ने में अनुकरणीय साहस तथा सूझबूझ का प्रदर्शन किया।

2. श्री सुरजीत सिंह, जम्मू-कश्मीर

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 जुलाई, 1999)

19 जुलाई, 1999 को लगभग 2130 बजे उग्रवादियों के एक दल ने गांव लेहोटा, तहसील-थावरी, जिला-डोडा, जम्मू-कश्मीर के ग्रामीणों पर आक्रमण कर दिया तथा-अत्याधुनिक हथियारों से अंधा-धुंध गोलीबारी की। वहां पर नौ सदस्यों से बनी एक ग्राम रक्षा समिति थी तथा इस घटना के समय ग्राम रक्षा समिति के दो सदस्य बंकरों में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने गोलीबारी का जवाब दिया परन्तु इस कार्रवाई में उनको गोलियों के घाव लगे तथा इसके बाद वे मौके पर ही मारे गए। ग्राम रक्षा समिति के अन्य सदस्यों ने भी मोर्चा संभाला तथा जवाबी गोलाबारी की, परन्तु उस समय तक उग्रवादी गांव के नजदीक पहुंच गए थे तथा उन्होंने खिड़कियों और चिमनियों में से ग्रेनेड फेंकना शुरू कर दिया था। इन ग्रेनेडों के फटने तथा भारी गोलीबारी से ग्राम रक्षा समिति के पांच सदस्य तथा दस सिविलियन मारे गए। जब एक उग्रवादी ने चिमनी में से श्री लेखराज के घर में एक ग्रेनेड फेंकने की कोशिश की तो उनके पुत्र श्री सुरजीत ने उस उग्रवादी पर गोलीबारी की तथा उसे मौके पर ही ढेर कर दिया। इसी गांव के श्री अमरीक सिंह नामक अन्य लड़के ने उग्रवादियों के साथ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उग्रवादियों द्वारा उनके पिता श्री कृष्णलाल के मारे जाने पर उन्होंने अपने पिता जी का हथियार उठाया तथा उग्रवादियों पर गोली चलानी शुरू कर दी। इस लड़के ने सारी रात उग्रवादियों पर गोलीबारी जारी रखी तथा उनको गांव के नजदीक नहीं आने दिया। श्री सुरजीत सिंह ने उग्रवादियों का कड़ा सामना किया तथा उनके विरुद्ध बहादुरी से लड़े।

श्री सुरजीत सिंह ने पूरी तरह से हथियार बंद उग्रवादियों के विरुद्ध लड़ाई में सूझबूझ, अनुकरणीय साहस तथा उत्कृष्ट बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादियों से कई ग्रामीणों का जीवन बचाया।

3. अमरीक सिंह, जम्मू-कश्मीर

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 जुलाई, 1999)

19 जुलाई, 1999 को लगभग 2130 बजे उग्रवादियों के एक दल ने ग्राम लेहोटा, तहसील-थावरी, जिला-डोडा, जम्मू-कश्मीर के ग्रामवासियों पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए आक्रमण कर दिया। इस गांव में नौ सदस्यों से बनी एक ग्राम रक्षा समिति थी जिसके दो सदस्य बंकरों में ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने इस गोलीबारी का जवाब दिया परंतु इस गोलीबारी में उन्हें गोलियों के घाव लगे तथा इसके बाद वे मौके पर ही मारे गए। ग्राम रक्षा समिति के अन्य सदस्यों ने भी मोर्चा संभाला तथा गोलीबारी का जवाब दिया। परन्तु तब तक उग्रवादी गांव के नजदीक पहुंच गये थे तथा उन्होंने खिड़कियों तथा चिमनियों में से घरों में ग्रेनेड फेंकना शुरू कर दिया था। इन ग्रेनेडों के फटने तथा भारी गोलीबारी से ग्राम रक्षा समिति के पाँच सदस्य तथा दस सिविलियन मारे गये थे।

इस घटना में अपने पिता श्री कृष्ण लाल के मारे जाने के बाद इसी गांव के श्री अमरीक सिंह ने भी एक अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने पिता जी के हथियार उठाये तथा उग्रवादियों पर गोलियों की वर्षा शुरू कर दी। इस गोलीबारी से उग्रवादी भौंचक्के रह गये। इस लड़के ने रात भर उग्रवादियों का कड़ा मुकाबला किया तथा उन्हें गांव के नजदीक नहीं आने दिया।

श्री अमरीक सिंह ने पूर्णरूप से हथियारबन्द उग्रवादियों से लड़ाई में अनुकरणीय साहस, सूझ-बूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए उग्रवादियों से ग्रामीणों के प्राणों की रक्षा की।

4. मेजर देवेन्द्र सिंह मनकोटी, से० मे०, (आई०सी०-45651)
15 सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 फरवरी 2000)

19 फरवरी, 2000 को एक सूत्र ने मेजर डी० एस० मनकोटी को सूचना दी कि लखीमपुर (असम), सिमलगुड़ी बाजार में धन उगाहने के लिये एन० डी० एफ० बी० के कुछ आतंकवादियों के आने की संभावना है। उन्होंने तुरन्त गुपचुप

कार्रवाई की योजना बनाई और बाजार में तय समय पर एक चाय की दुकान पर मिलना तय किया। एक अन्य अफसर और एक अन्य रैंक के जवान के साथ वे सादे वस्त्रों मे सिविल वाहन से बाजार की ओर गये और संदेह होने से बचने के लिए अकेले ही दुकान तक गये। दुकान के भीतर मौजूद मुखबिर ने दुकान के बाहर खड़े आतंकवादी को पहचान लिया और जब मेजर मनकोटी अपने दल को लाने के लिये पीछे मुड़े तो उस आतंकवादी को शक हो गया और उसने अफसर के सीने पर पिस्तौल तानकर उनका रास्ता रोकते हुए उनसे उनकी पहचान पूछी। इसके बाद हुई गुत्थम गुथा में उस आतंकवादी ने 6 गोलियां चलाई जोकि उस अफसर को नहीं लगीं। मनकोटी ने उस आतंकवादी को दबोच लिया और फुर्ती से अपनी पिस्तौल निकालकर उसे वहीं ढेर कर दिया। इसी बीच दूसरे आतंकवादी ने मेजर डी एस मनकोटी पर गोली चला दी मेजर मनकोटी ने तुरन्त पलटकर वार किया और गोली आतंकवादी की ठोडी में जा लगी। इसके बाद की झड़प ने एक और गोली आंतकवादी के कंधे पर लगी। इसी बीच इस अफसर को अपने पिस्तौल की खाली मैगजीन बदलनी पड़ी तभी इसका फायदा उठाकर वह आतंकवादी साथ की एक झाड़ी में गायब हो गया किन्तु बाद में पता चला कि जख्मों के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

मेजर डी०एस० मनकोटी ने आतंकवादियों के सम्मुख वीरता, साहस और अनवरत आक्रामक कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

5. लैफ्टिनेंट ललीत कुमार शर्मा, (एस०एस० 37816), सेना आयुध कोर, 18 सिख

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 21 मार्च, 2000)

21 मार्च, 2000 को पक्की सूचना मिलने पर, लैफ्टिनेंट ललीत कुमार शर्मा अपने दल के साथ तुरंत बानमोजा, (असम) नामक गांव में तलाशी कार्रवाई के लिए चल पड़े। जैसे ही इस अफसर के नेतृत्व में यह तलाशी दल उस आवासीय परिसर की तरफ बढ़ा तभी आतंकवादियों ने अत्यन्त निकट से स्वचालित हथियारो से गोलीबारी आरंभ कर दी। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी मे इस अफसर ने एक खतरनाक आतंकवादी को ढेर कर दिया। एक ए०के० 36 राइफल बरामद की गई। आतंकवादियों की गोली-बारी में इस अफसर के दायें घुटने में भी गोली के जख्म लग गए। अपने जख्मों की परवाह न करते हुए और अपने जीवन को भीषण-तम खतरे में डालते हुए उन्होंने बाकी बचे आतंकवादियों का पीछा किया और अत्यन्त नजदीकी से हुई प्रचड गोलाबारी के बाद उन्होने दुर्दांत आतंकवादी को ढेर कर दिया। लै० शर्मा ने पानी से भरे खेतों और घनी झाड़ियों के बीच शेष बचे आतंकवादियों का पीछा किया और उनके रेडियो आपरेटर के उनके पास आ पहुंचने पर उन दोनों ने मिलकर गोलीबारी करते हुए उस तीसरे आतंकवादी को जख्मी कर दिया जो बाद में अपनी ए०के० 57 राइफल के साथ मृत पाया गया। यद्यपि उनको अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था किंतु उन्होंने सुरक्षित स्थान पर ले जाये जाने से इंकार कर दिया और तब तक कार्रवाई का निर्देशन और अपने जवानों को प्रेरित करते रहे जब तक कि उन्हें जबरदस्ती वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचा दिया गया।

लैफ्टिनेंट ललीत कुमार शर्मा ने शस्त्रों से लैस आतंकवादियों के सम्मुख उच्च कोटि के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प शक्ति का प्रदर्शन किया।

6. मेजर जोस मावेलिल जोर्ज (आई०सी०-43714), आर्टिलरी 8 असम राइफल्स

(पुरस्कार का प्रभावी तारीख : 23 मार्च, 2000)

23 मार्च, 2000 को मणिपुर मे लैमापोकपम नाम गाव में कुछ भूमिगत विद्रोहियों के होने की मिली पक्की सूचना के आधार पर मेजर जोस मावेलिल जोर्ज ने एक गश्ती दल को गांव की तलाशी लेने और भूमिगत विद्रोहियों को पकड़ने के लिए भेजा। एक विद्रोही से मिली सूचना के आधार पर मेजर जोर्ज के जवान पूरी सतर्कता बरतते हुए छिपते-छिपाते आगे बढ़े। जब वे एक झोंपड़ी की ओर बढ़ रहे थे तभी उन पर झोंपड़ी में से भारी गोलीबारी होने लगी। बिना समय नष्ट किये मेजर जोर्ज और अन्य जवान झोंपड़ी की ओर झपटे और भूमिगत विद्रोहियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवान ने उन दो विद्रोहियों को मार गिराया जो खिड़की में से गोली-बारी कर रहे थे। इसी बीच तीन भूमिगत विद्रोही झोंपड़ी के पीछे से दौड़ते हुए झील की ओर बढ़े जहां उनके भागने के लिए एक लकड़ी की नाव तैयार थी। मेजर जोर्ज ने जैसे ही उन्हें देखा तो वे उन भागते हुए विद्रोहियों की ओर दौड़े तभी एक विद्रोही पीछे मुड़ा और अफसर पर गोलिया चलाने लगा। मेजर जोर्ज अपनी जान की परवाह न करते हुए और तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए उस विद्रोही पर टूट पड़े और तुरंत गोली से उसे तथा अन्य भागते हुए विद्रोही को मार गिराया। उनके दल ने एक अन्य भागते आतंक-वादी को भून डाला।

मेजर जोस मावेलिल जोर्ज ने आतंकवादियों के सम्मुख असा-धारण साहस, पराक्रम और अत्यन्त उच्च कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

7. 2687926 ग्रेनेडियर मोहम्मद इकराम, 6 ग्रेनेडियर्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 अप्रैल, 2000)

07 अप्रैल, 2000 को ग्रेनेडियर्स मोहम्मद इकराम ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले ने नैली गांव में एक कार्रवाई में तलाशी दल के सदस्य के रूप मे भाग लिया था। सुबह 0600 बजे इस तलाशी दल ने तलाशी अभियान शुरू किया। जब यह तलाशी दल घने झाड़-झंखाड़ में आतंकवादियों के छुपने के ठिकाने की ओर बढ़ रहा था तब उन पर छोटे हथियारों से भारी सटीक गोलीबारी शुरु हो गई। यहां पर ग्रेनेडियर इकराम ने दो आतंकवादियों को पहाड़ी के ऊपर की ओर भागते देखा। व्यक्तिगत सुरक्षा की कतई परवाह किए बिना वे एक अन्य सैनिक के साथ उठ खड़े हुए तथा भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया और एक को मार गिराया तथा एक अन्य को घायल कर दिया। तथापि घायल आतंकवादी आड़ लेते

में कामकाब हो गया तथा जब ग्रेनेडियर इकराम उस आतंकवादी के निकट पहुंचा तो उसने ग्रेनेडियर इकराम को गोलियों की बौछार से गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आतंकवादी भी मारा गया और हथियार तथा गोलाबारूद जब्त किए गए। ग्रेनेडियर इकराम भी अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए।

ग्रेनेडियर मोहम्मद इकराम ने उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए अनुकरणीय साहस और उच्च कोटि की वीरता का प्रदर्शन किया और अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

8. 2670986 कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार सुशील कुमार, 14 ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 अप्रैल, 2000)

28 अप्रैल, 2000 को कम्पनी क्वार्टर मास्टर हवलदार सुशील कुमार जम्मू कश्मीर में पीर पंजाल की अत्यन्त ऊबड़ खाबड़ पहाड़ियों में मलनार क्षेत्र में तलाशी और सफाया कार्रवाई के दौरान सेक्शन कमांडर थे। तलाशी के दौरान 1430 बजे हवलदार सुशील कुमार ने एक छोटे नाले में घनी झाड़ियों के बीच कुछ संदिग्ध हरकतें देखीं उन्होंने तुरन्त अपने सेक्शन की तैनाती की और उस क्षेत्र के मुआयने के लिए चल पड़े। छुपे हुए आतंकवादी घबरा गए और अंधाधंध गोलियां चलाने लगे। हवलदार सुशील कुमार ने आतंकवादियों के भागने का मार्ग बंद कर दिया और भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़े। उन्होंने अत्यन्त निकट से एक आतंकवादी को ललकारा और उसे मार गिराया। हवलदार सुशील कुमार अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहे। इस प्रक्रिया में उनके जांघ की जड़ में एक गोली लग गई। गंभीर जख्म के बावजूद वे रेंगकर आगे बढ़े और एक अन्य आतंकवादी को ढेर कर दिया। उनके शरीर से अत्यधिक रक्त बह रहा था किन्तु उन्होंने सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने से इंकार कर दिया और किसी भी आतंकवादी को भागने से रोकने के लिए सभी कार्रवाइयां कीं। उनके उदाहरण से प्रेरित होकर उनके अन्य साथियों ने बाद में शेष दो आतंकवादियों का भी सफाया कर दिया।

कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार सुशील कुमार ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए अपनी सुरक्षा की लेशमात्र भी परवाह किए बिना अनुकरणीय वीरता और असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

9. 14407226 गनर अलपा यादगिरि रेड्डी, वायु रक्षा तोपखाना।
15 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तरीख : 07 अप्रैल, 2000)

गनर अलपा यादगिरि रेड्डी अपने हौसले तथा प्रेरणा के कारण कमान अधिकारी त्वरित प्रतिक्रिया दल में शामिल थे। जम्मू कश्मीर के पतुशाई गांव में विदेशी आतंकवादी होने की सूचना मिली थी। 3 मई 2000 को जब आंतरिक घेराबंदी दस्ता अपना घेरा कस रहा था तो आतंकवादियों ने घर से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। गनर रेड्डी आंतरिक घेराबंदी दस्ते में एक अधिकारी के साथ तैनात थे। भीषण गोलीबारी भिड़ंत शुरू हो गई। घेराबंदी दस्ते की गोलीबारी की आड़ में यह अधिकारी आतंकवादियों पर टूट पड़ा। उस अधिकारी ने दो आतंकवादियों को घायल कर दिया परन्तु स्वयं भी घायल हो गए। गनर रेड्डी ने तुरन्त आगे बढ़कर आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की बाढ़ में से निकलकर इस अधिकारी को बचाया। इस अधिकारी को बचाने के प्रयास के दौरान उन्हें बायीं छाती में गंभीर जख्म लग गए फिर भी उन्होंने दोबारा आक्रमण करके दो आतंकवादियों को मार गिराया। गनर रेड्डी ने वहां से हटाए जाने से मना कर दिया तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए सघन गोलीबारी के मध्य रेंगकर तीसरे आतंकवादी के नजदीक आए तथा उसे भी ढेर कर दिया। गनर रेड्डी बाद में वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाते वक्त घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए।

गनर अलपा यादगिरि रेड्डी ने दायित्व से बढ़कर अतुलनीय बहादुरी तथा साहस का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का बलिदान दिया।

10. 5749452 हवलदार पिरथा बहादुर मगर
4/8 गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 मई, 2000)

06 मई 2000 को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास सैरगाह नाला में आतंकवादियों की हरकतों के बारे में सूचना प्राप्त होने पर उस सब सैक्टर की सभी चौकियों को चौकस कर दिया गया था। 07 मई, 2000 को 10.30 बजे नियंत्रण रेखा पार करने का प्रयास कर रहे 3 आतंकवादियों पर नाले में नीचे उतर रहे तलाशी दल द्वारा गोलीबारी की गई। आतंकवादी पीछे मुड़े और नाले के साथ-साथ नीचे भाग गए। 14000 फीट से भी अधिक ऊंचाई पर अत्यन्त कठिन भभाग में डटे हवलदार मगर और अन्य रैंक के दो जवान बड़ी तेजी से नीचे उतरे और नाले से 100 मीटर की ऊंचाई वाले स्थान पर आकर पोजीशन ले ली। इस ओर आ रहे 3 आतंकवादियों को सबसे पहले हवलदार मगर ने देखा। अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए वे आगे बढ़े और घटनों के बल पोजीशन ले ली और तीनों आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

हवलदार पिरथा बहादुर मगर ने उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना प्रचंड साहस और आक्रामक भावना का प्रदर्शन किया।

11 कैप्टन हरी राजकुमार (आई सी–57228), 9 ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 मई, 2000)

07 मई, 2000 को कैप्टन हरी राजकुमार को असम में तिनसुखिया जिले में पिथाकुटी नामक गांव में एक मकान में कुछ आतंकवादियों द्वारा शरण लेने के बारे में सूचना मिली। यह अफसर तुरन्त हरकत में आ गया और 8 मई, 2000 को 0430 बजे संदिग्ध क्षेत्र में पहुंच गया। जैसे ही यह दस्ता संदिग्ध क्षेत्र में एक मकान के समीप पहुंचा इस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कैप्टन हरी राजकुमार ने आतंकवादियों को संघर्ष में इस तरह उलझा लिया जिससे कि वे गोलीबारी न कर पायें और अन्य किसी

हानि को बचाया जा सके। वे नियंत्रित और सटीक भिडंत सुनिश्चित करने के लिए एक जवान से दूसरे जवान के पास जाते रहे। एक आतंकवादी को जो उनके दल के दो सदस्यों के साथ प्रभावी रूप से भिड़ा हुआ था, उस अफसर ने मार गिराया गया।

इस मुठभेड़ के फलस्वरूप शस्त्रों सहित पांच आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से एक ए के–56, दो ए के–47, दो हथगोले, विभिन्न किस्म का गोलाबारूद और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। जमीन और नियंत्रित गोलीबारी के कुशल इस्तेमाल से इस क्षेत्र में सिविलियनों को पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

कैप्टन हरी राजकुमार ने आतंकवादियो के सम्मुख वीरता, साहस, व्यावसायिक कुशाग्रता और नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया।

12. 4350972 एक कंपनी हवलदार मेजर वानलाल छुंगा, असम 35 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 मई, 2000)

12 मई, 2000 को कंपनी हवलदार मेजर वानलाल छुंगा, में बडगाम में मछियारी के घने जंगलों में एक तलाशी दस्ते में शामिल थे। अपनी गहरी पकड़ और जंगल परिवेश संबंधी परम्परागत निपुणता के कारण उन्होंने एक तरफ आने वाली हल्की सीटी की सी आवाज सुनी। वे दो अन्य रैंकों के साथ चुपचाप उस दिशा मे बढ़ चले। कुछ दूरी पर एक आतंकवादी को खाना बनाते देखा उन्होंने अपने दल को संगठित किया और रेंगते हुए आगे बढ़े। उनकी हलचल को एक अन्य आतंकवादी ने देख लिया और उन पर गोलियां चलाने लगा। पूर्णतः शांत रहते हुए कंपनी हवलदार मेजर वानलाल छुंगा ने उस आतंकवादी पर गोलियों की घनी बौछार कर दी और अत्यन्त निकट से उसे तत्काल मार गिराया। एक अन्य आतंकवादी ने कंपनी हवलदार मेजर वानलाल छुंगा पर एक ग्रेनेड फेंका। छुंगा ने धैर्य बनाये रखते हुए पलट कर उस आतंकवादी पर एक ग्रेनेड फेंका। इसी बीच दल का एक सदस्य आगे बढ़ा और उस आतंकवादी पर एक ग्रेनेड फेंका जो कडा मुकाबला कर रहा था। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए कपनी हवलदार मेजर वानलाल छुंगा उस आतंकवादी पर टूट पडे किन्तु उनकी ए के राइफल में कुछ खराबी आ गई और उससे गोलियां नहीं चलीं। किन्तु वे रूके नहीं और खुद ही उस आतंकवादी पर झपट पड़े और अपनी राइफल से उसकी खोपड़ी पर जोरदार प्रहार किया जिससे उसकी सांस उखड़ गई।

कंपनी हवलदार मेजर वानलाल छुंगा ने अनुकरणीय वीरता, असाधारण साहस और दायित्व से बढ़कर निःस्वार्थ सेवा भाव, का प्रदर्शन किया।

13. जे० सी०–211259 सूबेदार राजन बासूमतरी, असम 35 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 मई, 2000)

14 मई, 2000 को सूबेदार राजन बासूमतरी उस कमांडो प्लाटून में शामिल थे जिसे जम्मू कश्मीर में बटगांव जिले में दीनीवार में हेलिकॉप्टर से उतारा गया था। भारी गोलाबारी के कारण अन्य दस्तों की आमदरफ्त कुछ समय के लिए रुक गई। सूबेदार राजन बासूमतरी अपने एक साथी के साथ सावधानी के साथ आगे बढ़े। आतंकवादियों ने उनको बढ़ते हुए देख लिया और उन पर 2 हथगोले फेंके। सूबेदार बासूमतरी ने अपने साथी पर मण्डराते खतरे को भांपकर स्वयं को आगे करते हुए आंतकवादियों पर गोली चलाते हुए उनका ध्यान अपनी ओर खींचा।

सूबेदार राजन बासूमतरी ने प्रचण्ड साहस का विशिष्ट प्रदर्शन करते हुए आंतकवादियों का ग्रेनेड उठा लिया और पलटकर उन्हीं पर फेंक दिया। तभी एक तीसरे आंतकवादी ने अत्यन्यत नजदीक से सूबेदार बासूमतरी पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। सूबेदार बासूमतरी के शरीर और उनकी बायीं भजा पर ए के 57 की 7 गोलियां लग गईं। सूबेदार बासूमतरी ने गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद अपनी ए० के० 47 से आंतकवादी पर गोलियों की बौछार कर दी और उस आंतकवादी को मारकर अपने साथी की जान बचा ली। सभी आंतकवादियों का सफाया होने तक सूबेदार बासूमतरी ने वहां से हटाए जाने से इन्कार कर दिया। बाद में अपने जख्मों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

सूबेदार बासूमतरी ने वीरता प्रचण्ड साहस और सहयोगी भावना का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का बलिदान दिया।

14. मेजर सुखमीत सिंह (आई2 सी०–46889) आर्टिलरी, 17 असम राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 मई, 2000)

18 मई, 2000 को उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में पक्की सूचना मिलने पर मेजर सुखमीत सिंह ने इम्फाल के वांगेई नाम गांव में कारवाई के एक दस्ते का नेतृत्व किया।

जब यह दस्ता संदिग्ध मकान की ओर बढ़ा तो इस अफसर ने सिविलियनों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की क्योंकि यह क्षेत्र घनी आबादी वाला था। निरन्तर गोलीबारी कर रहे भूमिगत विद्रोहियों को रोकने के लिये आरम्भ में मेजर सुखमीत सिंह रेंगते हुए आगे बढ़े और तुरन्त एक के बाद एक, दो हथगोले मकान के अन्दर फेंके ताकि भूमिगत विद्रोहियों को रोका जा सके। तत्पश्चात् मेजर सुखमीत सिंह ने स्वयं आक्रमणकारी दल का नेतृत्व किया और कैस्पियर वाहन का नया इस्तेमाल करते हुए लक्षित मकान की ओर आगे बढ़े। कैस्पियर वाहन पर लगी लाइट मशीनगनों से की जा रही गोलीबारी की आड़ मे व अपने दल के साथ तेजी से उस मकान के अन्दर घुस पड़े जहां एक विद्रोही से उनका सामना हो गया और उसे वही मार गिराया। मेजर सुखमीत सिंह तेजी से एक कमरे के अन्दर घुसे और वहां मौजूद उन दो भूमिगत विद्रोहियों को अत्यन्त निकट से भून डाला जो बाहर खड़े घेराबन्दी दल पर निरन्तर गोलीबारी कर रहे थे। इस समस्त कार्रवाई में चार भूमिगत विद्रोही मारे गए और शस्त्र/गोलाबारूद और युद्ध जैसी सामग्री बरामद की गई।

मेजर सुखमीत सिंह ने वीरता तथा साहस का प्रदर्शन किया और अपनी सुरक्षा की लेशमात्र भी परवाह न करते हुए यह कार्य पूरा किया ।

15. जे० सी०–518250, सूबेदार मदन लाल, 11 डोगरा
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 22 मई, 2000)

22 मई, 2000 को सूबेदार मदनलाल और उनके दल का जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के साज नामक गांव में दो घरों से गोलीबारी कर रहे 3 आतंकवादियों से सामना हो गया । सूबेदार मदन लाल एक घर में घुस पड़े और एक आतंकवादी को मार गिराया । यह देखकर अन्य दो आतंकवादी पास में घनी झाड़ियों वाले एक नाले में कूद पड़े । सूबेदार मदनलाल ने निरन्तर उन आंतकवादियों का नाले में पीछा किया और साथ ही साथ अपने दल को नाले के दोनों छोर कवर करने के लिये तैनात किया । आगे दोनों ओर से हुई भारी गोलीबारी के दौरान सूबेदार मदनलाल इंच दर इंच रेंगने के बाद आंतकवादियों के समीप पहुंच गये और एक आतंकवादी को वहीं तत्काल ढेर कर दिया । इससे तीसरा आतंकवादी घबरा गया और भागकर पास के एक कच्चे मकान में छुप गया । सूबेदार मदनलाल ने इस मकान को घेर लिया और पोजीशन लेकर धुए वाला ग्रेनेड उस पर फेंका । उन्होंने गोली चलाकर तीसरे आतंकवादी को भी ढेर कर दिया ।

सूबेदार मदन लाल ने उग्रवादियों का सामना करते हुए वीरता, बहादुरी और साहस का प्रदर्शन किया ।

16. जे० सी 518643, सूबेदार देशराज ठाकुर, 10 डोगरा
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 मई, 2000) ।

26 मई, 2000 को सूबेदार देशराज ठाकुर ने उस घातक प्लाटून का नेतृत्व किया जिसे जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रणजाति जंगल के उत्तरी भाग में घेरा डालने का कार्य सौंपा गया था । लगभग 0825 बजे घातक प्लाटून के स्काउटों ने एक ढोक के बाहर आतंकवादियों के एक दल को देखा । घातक प्लाटून आगे बढ़ी और ढोक को घेर लिया । यह देखकर तीन आतंकवादी नाले की ओर भागे । सूबेदार देशराज ने 5 सदस्यों के एक दल के साथ भागते हुए आंतकवादियों का पीछा किया । घने जंगल में एक घण्टे तक आतंकवादियों के कदमों के निशानों का पीछा करने के के बाद वे एक स्थान पर पहुंचे जहां आतंकवादियो के पाव के निशान गायब थे । सूबेदार देशराज के दल के एक जवान ने एक बड़े पत्थर के पीछे कुछ संदिग्ध हरकतो के बारे में सूचना दी । स्थिति की गम्भीरता को भांपते हुए सूबेदार देशराज ने तुरन्त बिजली की तेजी से उस क्षेत्र को घेर लिया तभी 2 आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से उन पर धावा बोल दिया । सूबेदार देशराज एक आतंकवादी को पूर्णत अचम्भे में डालते हुए उसकी ओर बढ़े और अत्यन्त नजदीक से उसे मार गिराया दूसरे आतंकवादी ने अपनी पीका राइफल से गोलीबारी करके अब सूबेदार देशराज को असहाय कर दिया क्योंकि उनके पास गोलीबारूद खत्म हो चुके थे । सूबेदार देशराज रेंगते हुए मृत आतंकवादी की ओर बढ़े और सामने खड़ी निश्चित मौत के बावजूद उसकी ए के 47 राइफल उठा ली और पीका की गोलियों की बौछार के बीच उस आतंकवादी पर टूट पड़े और उस दूसरे आंतकवादी को भी ढेर कर दिया ।

सूबेदार देशराज ने उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए असीम जोश, अटल साहस और असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया ।

17. मेजर संजय सूद (आई० सी०–47568), गार्ड्स,
21 राष्ट्रीय राइफल्स
(मरणोपरांत)
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख . 22 जून, 2000)

22 जून, 2000 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हंगनीकूट में एक कार्रवाई के लिए मेजर संजय सूद स्वेच्छा से आगे आए । जब इस अफसर का दल गांव में घुसा तो वे एक मकान से की जा रही सघन गोलीबारी में फंस गए । यह अफसर अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए गोलियों की बौछार और हथगोले के प्रहार के बीच आगे बढ़ा और उस मकान की बगल में पहुंच गए । इस अफसर ने मकान में प्रवेश करने के लिए खुले बरामदे से दो हथगोले फेंके और उग्रवादियों के समीप पहुंच गए । अपनी गर्दन पर लगी गोली के जख्म के बावजूद इन्होंने उस आतंकवादी को गुत्थम-गुत्था लड़ाई में मार गिराया । बाद में अपने जख्मों के कारण मेजर सूद वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस प्रकार मेजर संजय सूद ने उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए प्रचंड धैर्य, वीरता तथा साहस का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया ।

18. कैप्टन अमित प्रकाश (आई० सी०–57824),
सेना सेवा कोर, 11 सिख
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 जून, 2000)

उल्फा के एक्शन ग्रुप की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त होने पर कैप्टन अमित प्रकाश ने जिला नौगांव (असम) में लुटुमई रिजर्व फोरेस्ट में एक कार्रवाई की योजना बनाई । विषम भूभाग में निरंतर बारिश में दो घंटे चलने के बाद प्रभावी घेराबंदी कर दी गई और 24 जून, 2000 को पौ फटने के साथ ही तलाशी कार्रवाई आरंभ कर दी गई । जैसे ही कैप्टन अमित और उनका तलाशी दल केले के घने बगीचे की ओर बढ़ा तो उन पर लघु शस्त्रों से भारी गोलीबारी होने लगी । यह अफसर गोलियों की बौछार के बीच बाग की ओर झपटा और एक साहसिक कार्यवाई में अत्यंत निकट से एक आतंकवादी को भून डाला । तलाशी कार्यवाई पुनः आरंभ होने पर कैप्टन अमित ने खेत में एक अन्य आतंकवादी को पोजीशन लेते देख लिया । उन्होंने फुर्ति से आगे बढ़कर खेत की घेराबंदी की और उस आतंकवादी को [illegible]

करने को कहा, किंतु उस आतंकवादी ने एक ग्रेनेड फेंक दिया। अपने दल पर मंडराते बड़े खतरे को महसूस करते हुए उन्होंने आतंकवादी पर गोली चलाते रहने के लिए अपने दल के एक हिस्से को तैनात किया और अपने एक साथी के साथ रेंगते हुए उस आतंकवादी को पीछे की ओर पहुंच कर उस पर हमला करते हुए उसे वहीं मार गिराया।

कैप्टन अमित प्रकाश ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए प्रचंड साहस, बहादुरी और अदम्य हिम्मत का प्रदर्शन किया।

19 जे० सी०–498054 सूबेदार सुखचैन सिंह, 11 सिख

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख . 24 जून, 2000)

24 जून, 2000 को लुटुमई रिजर्व फोरेस्ट में उल्फा के ठिकाने पर की जाने वाली कार्रवाई के दौरान सूबेदार सुखचैन सिंह तलाशी दल के ग्रुप कमांडर थे। तलाशी के दौरान सूबेदार सुखचैन सिंह ने एक आतंकवादी को घास के ढेर के पीछे पोजीशन लेते देख लिया। उन्होंने अपने एक साथी के साथ तुरंत उस आतंकवादी को घेर लिया और उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। आत्मसमर्पण करने के बजाय उस आतंकवादी ने जोरदार आक्रमण कर दिया और एक हथगोला फेंका तथा भागने की कोशिश की। सूबेदार सुखचैन ने अपने ऊपर फेंके गए ग्रेनेड से होने वाले खतरे की परवाह न करते हुए उस आतंकवादी पर हमला कर दिया। जब वह ग्रेनेड फटा तो सूबेदार सुखचैन का बायां हाथ और पैर बुरी तरह जख्मी हो गए और उनसे अत्यधिक रक्त बहने लगा। इसके बावजूद उन्होंने उस आतंकवादी का पीछा किया और उसे अपनी नजरों से ओझल नहीं होने दिया। सूबेदार सुखचैन उस आतंकवादी से भिड़ गए और नजदीकी भिड़ंत में गोली मारकर उसे ढेर कर दिया। बुरी तरह से जख्मी होने और बहुत ज्यादा रक्त बहते जाने के बावजूद उन्होंने कार्य पूरा होने तक वहां से हटाए जाने से इंकार कर दिया।

सूबेदार सुखचैन ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए वीरता, साहस और अदम्य भावना का प्रदर्शन किया।

20. 2879407 लांस हवलदार नैन पाल सिंह, राजपूताना राइफल्स—9 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 जुलाई, 2000)

8 जुलाई, 2000 को जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले में फालू नामक गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पक्की सूचना मिलने पर एक घेराबंदी और तलाशी कार्यवाई आरंभ की गई। 1650 बजे आतंकवादियों के साथ उनका उस समय सामना हो गया जब लांस हवलदार नैन पाल सिंह के नेतृत्व में एक अंदरुनी घेराबंदी दल पर एक मकान से गोलीबारी की गई। संक्षेप अंतरारोधन और गोलीबारी से आसपास के दो घरों में चार आतंकवादियों के मौजूद होने की पुष्टि हो गई। लांस हवलदार नैन पाल सिंह के दल को इन मकानों से दूर जाती एक तंग गली की निगरानी का कार्य सौंपा गया था। आतंकवादियों द्वारा हथगोले फेंके जाने और प्रभावी गोलीबारी किए जाने के बावजूद लांस हवलदार नैन पाल सिंह ने उनके भागने के मार्ग को बंद रखा। उसके बाद दोनों ओर से सघन गोलीबारी हुई। लगभग 1810 बजे दो आतंकवादी जलते हुए मकान से बाहर कूदे और उस गली की ओर भागने लगे जहां लांस हवलदार नैन पाल सिंह तैनात थे। लांस हवलदार नैन पाल सिंह ने एक आतंकवादी को मार गिराया। तब तक दूसरा आतंकवादी भी उनके निकट आ पहुंचा। लांस हवलदार नैन पाल सिंह उससे भिड़ गए और एक भीषण गुत्थम गुत्था द्वंद्वयुद्ध में उसे मार गिराया। इसके साथ उन मकानों में से रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। बाद में लांस हवलदार नैन पाल सिंह ने एक मकान में से दर्दनाक चीखें सुनीं। यह भांपकर कि कोई आतंकवादी जख्मी हो सकता है, लांस हवलदार नैन पाल सिंह ने अपनी दल के साथ उस मकान की तलाशी लेने की पहल की। सबसे पहले लांस हवलदार नैन पाल सिंह तेजी से उस मकान में घुसे, कमरे के अंदर गए और अत्यंत निकट से तीसरे आतंकवादी को ढेर कर दिया।

लांस हवलदार नैन पाल सिंह ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए पहल शक्ति, असाधारण धैर्य और प्रचंड साहस का प्रदर्शन किया।

21. जी०एस०–159564–पी० ओवरसीयर मोहन सिंह, सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 जुलाई, 2000)

ओवरसीयर मोहन सिंह को चीन अध्ययन दल सड़कों में से राष्ट्रीय व सामरिक महत्व वाली हयालिंग–मेटांगलियंग–चग–लोहागम सड़क पर पहाड़ काटकर सड़क बनाने संबंधी निर्माण कार्य के प्रभारी के रूप में तैनात किया गया था। इस 57 कि० मी० लंबी सड़क का निर्माण चीन–भारत सीमा के कुशल प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। यह सड़क अत्यधिक कठोर चट्टान युक्त क्षेत्र से युक्त ऊबड़–खाबड़ पर्वतीय प्रदेश वाली ढलाई घाटी में से गुजरती है। निरंतर वर्षा वाला यह प्रतिकूल प्रदेश सड़क निर्माण कार्य के कटान के लिए एक बड़ी चुनौती है। ओवरसीयर, मोहन सिंह को 0.000 से 8.000 कि०मी० लंबी सड़क पर इस महत्वपूर्ण तथा समयबद्ध परियोजना के सड़क निर्माण कार्य की कटाई का प्रभारी बनाया गया था। 10 जुलाई, 2000 को लगभग 1300 बजे वे घाटी की ओर निर्माण कार्य वाली सड़क के कोने पर खड़े थे तथा चट्टानी शैल पर खतरनाक तथा ऊंची कटाई कार्य कर रहे डोजर कार्य देख रहे थे। अचानक, पहाड़ी की चोटी से भारी मलबे के साथ एक बहुत बड़ा शिलाखंड कार्यस्थल पर लगे डोजर तथा कम्प्रेशर की ओर लुढ़कता हुआ गिरने लगा। ओवरसीयर मोहन सिंह ने अपनी सतर्क नजरों से भांपते हुए तुरन्त शोर मचाया तथा डोजर तथा कम्प्रेशर चालकों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने के लिए निर्देश दिए। यह बहादुर सुपरवाइजर अपने जीवन की परवाह

किए बिना इस कार्य में सहयोग देने लगा तथा कम्प्रेशर को कार्य-स्थल से दूर ले जाने में सहायता देने लगा। ऐसा करते वक्त वे समय रहते अपनी ओर तेजी से आते शिलाखंड के रास्ते से अपने आप को नहीं हटा सके तथा इस शिलाखंड की टक्कर लगने से वे 70 मीटर गहरी खाई में गिर गए। इस तरह गहरी घाटी में गिर पड़ने के फलस्वरूप, ओवरसीयर मोहन सिंह के सिर में गहरी चोटें आ गईं जिनके कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार ओवरसीयर मोहन सिंह ने सरकारी सम्पत्ति और मानव जीवन की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अनुकरणीय साहस और निःस्वार्थ दायित्व भावना का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

22. लैफ्टिनेंट हरी सिंह बिष्ट (आई०सी०-59276), 3/11 गोरखा राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 जुलाई 2000)

लैफ्टिनेंट हरी सिंह बिष्ट उस घातक प्लाटून का संचालन कर रहे थे जिसने जम्मू कश्मीर में मश्कियारी नामक गांव में एक कार्यवाई की। 8 आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त होने पर 21 जुलाई, 2000 को तलाशी और सफाया कार्यवाई आरंभ की गई। जब वे संदिग्ध मकानों की ओर बढ़ रहे थे तभी उन पर भारी गोलीबारी होने लगी। लैफ्टिनेंट बिष्ट ने तुरन्त सहायता दल को तैनात किया और बड़े साहसपूर्ण तरीके से आक्रमण दल का नेतृत्व किया। आतंकवादी ठिकाने की ओर बढ़ते हुए उन्होंने एक आतंकवादी को ढेर कर दिया और शेष को उलझाये रखा। वे भारी गोलीबारी के बीच आतंकवादी ठिकाने की ओर आगे बढ़े। तभी अचानक मक्के के खेतों में से एक आतंकवादी बाहर निकला और अपनी पीका मशीनगन से गोलियां चलाकर ले० बिष्ट को जख्मी कर दिया। अत्यधिक रक्त बहने पर भी वे अपने जवानों को आतंकवादियों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते और निर्देश देते रहे और स्वयं आतंकवादी पर हमला कर उसे तत्काल मार गिराया। किंतु अपने जख्मों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए।

लैफ्टिनेंट हरी सिंह बिष्ट ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए अदम्य प्रचंड साहस, अतुलनीय बहादुरी और प्रखर नेतृत्व का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 58—प्रेज/2001—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को अत्यन्त असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "परम विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टि० जनरल अशोक कुमार पुरी (आई०सी०-12326) अ०वि०से०मे०, इंजीनियर्स

2. लेफ्टि० जनरल मदन पाल सिंह भंडारी (आई०सी० 12581), वि०से०मे०, आर्टिलरी

3. लेफ्टि० जनरल अवतार सिंह (आई०सी०-12909), आर्टिलरी

4. लेफ्टि० जनरल कादम्बी रामास्वामी सम्पत कुमार (आई०सी०-13027), अ०वि०से०मे०, वि०से०मे०, आर्टिलरी

5. लेफ्टि० जनरल राजेन्द्र सिंह कादयान (आई०सी०-13153), अ०वि०से०मे०, वि०से०मे०, इन्फैन्ट्री

6. लेफ्टि० जनरल भूपाल सिंह मलिक (आई०सी०-13198) अ०वि०से०मे०, इन्फैंट्री

7. लेफ्टि० जनरल विजय लाल (आई०सी०-13306), अ०वि०से०मे०, आर्मी आर्डनेंस कोर

8. लेफ्टि० जनरल अदुसुमिल्ली शेषागिरी राव (आई०सी०-13385), अ०वि०से०मे०, इन्फैंट्री

9. लेफ्टि० जनरल मोहन आनन्द गुरबक्षनी (आई०सी०-13633), अ०वि०से०मे०, इन्फैंट्री

10. लेफ्टि० जनरल शंकर प्रसाद (आई०सी०-13642), वि०से०मे०, इन्फैंट्री

11. लेफ्टि० जनरल शमशेर सिंह मेहता (आई०सी०-13898), अ०वि०से०मे०, वि०से०मे०, क्वचित कोर

12. लेफ्टि० जनरल गुरप्रीत सिंह (आई०सी०-13914), इन्फैंट्री

13. लेफ्टि० जनरल वीरेन्द्र कुमार सेवाल (आई०सी०-13947), क्वचित कोर

14. लेफ्टि० जनरल इन्द्र कुमार छिटवाल (आई०सी०-14145), रक्षा सेवा कोर

15. लेफ्टि० जनरल गुरबक्श सिंह सिंहोटा (आई०सी०-15471), अ०वि०से०मे०, वीर चक्र, आर्टिलरी

16. लेफ्टि० जनरल अर्जुन सिंह खन्ना (आई०सी०-15511) अ०वि०से०मे०, वीर चक्र, आर्टिलरी

17. लेफ्टि० जनरल जॉन रंजन मुखर्जी (आई०सी०-15795) अ०वि०से०मे०, वि०से०मे०, इन्फैंट्री

18. वाइस एडमिरल राजेश्वर नाथ, अ०वि०से०मे० (40175-एफ०)

19. वाइस एडमिरल हरिन्द्र सिंह, अ०वि०से०मे० (00531 एफ०)

20. वाइस एडमिरल जॉन कॉलिन डि० सिल्वा, अ०वि०से०मे० (00556-एन०)

21. एयर मार्शल प्रकाश सदाशिवराव पिंगले, अ०वि०से०मे० वीर चक्र, वी०मे० (6755) फ्लाइंग (पायलट)

22. एयर मार्शल तेग्तर जाल मास्टर, अ०वि०से०मे० (7224) फ्लाइंग (पायलट)

23. एयर मार्शल खुशिन्दर सिंह बिन्धरा, अ०वि०से०मे०, वी०मे० (6863) फ्लाइंग (पायलट)

24. एयर वाइस मार्शल सुरेन्द्र सिंह चौहान, अ० वि०से० मे०, वि०से०मे० (7853) एयरो० इंजी० (मैक०)

25. एयर वाईस मार्शल गुलशन कुमार क्वात्रा, अ०वि०से० मे०, वि०से०मे०, (8001) एयरो० इंजी० (मैक०)

बरूण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 59-प्रेज/2001—राष्ट्रपति मेजर जनरल गमबीर सिंह नेगी (आ.ई०सी०-16545) अविसेम, विसेमे, इन्फैंट्री को असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "अति विशिष्ट सेवा मेडल का बार" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते है ।

बरूण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 60-प्रेज/2001—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "अति विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टि० जनरल विनेश सिंह चौहान (आई० सी०-13951) उयुसेमे, विसेमे, इन्फैंट्री ।

2. लेफ्टि० जनरल ब्रिज मोहन कपूर (आई० सी०-14385) कवचित कोर ।

3. मेजर जनरल सदन प्रदीप मुरगाई (आई०सी०-13236) इलै० एंड मैके० इंजीनियर्स ।

4. मेजर जनरल जगतार सिंह कांग (आई०सी०-14060) विसमे, इंटैलिजेंस कोर ।

5. मेजर जनरल अरियगपुडी रविन्द्र कुमार (आई०सी०-14418) विसेमे, इन्फैंट्री ।

6. लेफ्टि० जनरल ओंकार सिंह लोहचब (आई० सी०-14531), विसेमे, इन्फैंट्री ।

7. मेजर जनरल राजेन्द्र कुमार मेहता (आई० सी०-14851) विसेमे, इलै० एंड मैक० इंजीनियर्स ।

8. मेजर जनरल विजय कृष्णा (आई० सी०-14875) इलै० एंड मैके० इंजीनियर्स ।

9. मेजर जनरल विनोद कुमार वर्मा (आई०सी०-14885) इलै० एंड मैके० इंजीनियर्स ।

10. मेजर जनरल विजय कुमार धुआ (आई० सी०-15041), विसेमे, इंजीनियर्स ।

11. मेजर जनरल शान्तनू चौधरी (आई०सी०-15690) विसेमे, आर्टिलरी ।

12. मेजर जनरल मिसाल प्रकाश रामाराव (आई० सी०-16045), विसेमे, आर्टिलरी ।

13. मेजर जनरल पुट्टागुंटा शिवाराम कृष्णा चौधरी (आई० सी०-16664) आर्टिलरी ।

14. मेजर जनरल मनमोहन सिंह (आई० सी०-16300), सिगनल्स ।

15. मेजर जनरल सुरेन्द्र कुमार सनन (आई० सी०-22880) विसेमे, जज एडवोकेट जनरल ।

16. ब्रिगेडियर राजेन्द्र सिंह (आई० सी०-16779), विसेमे, इलै० एंड मैके० इंजीनियर्स ।

17. ब्रिगेडियर सतीश प्रकाश कालरा (एम० आर०-02094) आर्मी मेडिकल कोर ।

18. रियर एडमिरल जितेन्द्र कुमार तलवार (60134-टी) ।

19. रियर एडमिरल वासुदेव बोस, विसेमे (50203-वाई) ।

20. रियर एडमिरल शेखरीपुरम कृष्णन कल्याण कृष्णन, विसेमे (40302-डब्ल्यु) ।

21. रियर एडमिरल राजेन्द्र कुमार शर्मा विसेमे (00843-आर) ।

22. सर्जन रियर एडमिरल सत्य पाल मल्होत्रा (75583-बी) ।

23. कोमोडोर प्रेमजीत रविन्द्र फ्रैंकलिन, विसेमे (00635-टी) ।

24. कमोडोर सोमीर सुशील चन्द्र मुखर्जी, विसेमे (40430-के) ।

25. एयर मार्शल लालजी कुमार वर्मा (7768) मेडिकल ।

26. एयर वाइस मार्शल पूर्णेन्दु कुमार मुखर्जी (7698) फ्लाइंग (पायलट) ।

27. एयर वाइस मार्शल सतीश कुमार रामलाल धाम, विसेमे (8097) मेडिकल ।

28. एयर वाइस मार्शल रमेश चन्द्र महादिक, विसेमे (8570) प्रशासनिक ।

29. एयर वाइस मार्शल विजय अच्युत पटकर, विसेमे (8632) एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलैक्ट्रानिक्स) ।

30. एयर वाइस मार्शल विजय कृष्णा पाण्डेय वामे (8990) फ्लाइंग (पायलट) ।

31. एयर वाइस मार्शल सुभाष चंद्र रस्तोगी, विसेमे (8999) फ्लाइंग (पायलट) ।

32. एयर वाइस मार्शल पूरन चन्द्र सिंह रौतेला, शौर्य चक्र, विसेमे (9576) एयरो० इंजी० (इलैक्ट्रानिक्स) ।

33. एयर कोमोडोर डोनोवन एरिक जोनस (10131) फ्लाइंग (पायलट) ।

34. एयर कोमोडोर श्री हर्ष त्रिपाठी (11087) एडमिन०/लीगल ।

35. एयर कोमोडोर तेक्केकरा थामस जाब, विसेम (11507), एयरो० इंजी० (मैके०) ।

36. एयर कोमोडोर अशोक धरम छिब्बर (12118) फ्लाइंग (पायलट) ।

37. जीओ–1133एच० श्री बंसी लाल टिक्कू, अपर महानिदेशक सीमा सड़क ।

38. जीओ–866पी० चीफ इंजीनियर, सिविल ललित कुमार मंजू, बी० आर० ओ० ।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव,

सं० 61–प्रेज/2001—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को युद्ध स्थितियों के दौरान उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "युद्ध सेवा मेडल" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर दीपक मुखर्जी (आई०सी०–19107) इन्फैंट्री हैडक्वार्टर 104 इन्फैंट्री ब्रिगेड ।

2. ब्रिगेडियर रणधीर कुमार मेहता (आई० सी०–19550) विसेमे, इन्फैंट्री ।

3. ब्रिगेडियर तेज कुमार सपरू (आई० सी०–23302) इन्फैंट्री हैडक्वार्टर 12, इन्फेन्ट्री ब्रिगेड ।

4. ब्रिगेडियर बहुखण्डी प्रेम सदन (आई० सी०–90223) इन्फैंट्री ।

5. मेजर राज पाल पुनिया (आई०सी०–41862) मैकानाइजड इन्फैंट्री ।

6. मेजर हरिन्दर पाल सूद (आई०सी०–43678) पैरा (स्पेशल फोर्स) ।

7. ग्रुप कैप्टन बिजेन्द्र सिंह सिवाच, अविसेमे, वामे (12413) फ्लाइंग (पायलट) ।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 62-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता की विशिष्ट सेवा के लिए "विशिष्ट सेवा मैडल का बार" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर वीर चंद जैन (आई सी-17280), वि०से०मे० इलैक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ।

2. ब्रिगेडियर प्रेमेन्द्र सिंह राना (आई सी-24237), वि० से० मे०, इन्फैंट्री ।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 63-प्रेज/2001—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जनरल रविन्दर कुमार बत्रा (आई सी-12812) इलै० एंड मैक० इंजीनियर्स (रिटायर्ड) ।

2. मेजर जनरल मनमोहन भाटिया (आई सी-13233), सिगनल ।

3. मेजर जनरल इन्द्र जीत सिंह बोरा (आई सी-14638), मैकानाइज्ड इन्फैंट्री ।

4. मेजर जनरल सुभाष चन्द्र गोयल (आई सी-14843), इलै० एंड मैक० इंजीनियर्स ।

5. मेजर जनरल महेन्द्र पाल सिंह त्यागी (आई सी-18329) आर्मी एजूकेशन कोर (रिटायर्ड) ।

6. मेजर जनरल माधवा आनन्द टुटकणे (एमआर-1817) रक्षा चिकित्सा कोर ।

7. मेजर जनरल श्रीनिवास पट्टाभीरमन (आईसी-17210) सेमे, इंजीनियर्स ।

8. मेजर जनरल प्रमोद कुमार ग्रोवर (आईसी-17252), इंजीनियर्स ।

9. मेजर जनरल कुलदीप चन्द्रा विज (आईसी-26028), आर्टिलरी ।

10. ब्रिगेडियर देविन्दर कृष्ण खन्ना (आईसी-16299), कुमाऊं (रिटायर्ड) ।

11. ब्रिगेडियर पवित्र कुमार चक्रवर्ती (आईसी-16581), कवचित कोर (रिटायर्ड) ।

12. ब्रिगेडियर सतीश कुमार (आईसी-16694), एयर डिफेंस आर्टिलरी ।

13. ब्रिगेडियर देवेन्दर सिंह खुराना (आईसी-16653), आर्टिलरी ।

14. ब्रिगेडियर मुनिसामी सुदंदीराम (आईसी-16857), इंजीनियर्स ।

15. ब्रिगेडियर रघेन्द्र सिंह बत्रा (आईसी-16925); इलै० एंड मैक० इंजीनियर्स ।

16. ब्रिगेडियर बचित्तर सिंह धालीवाल (आईसी-17239), इंजीनियर्स ।

17. ब्रिगेडियर अरुण रॉय (आईसी-17595), मैकानाइज्ड इंफैंट्री ।

50. Police Medal for meritorious service
51. Fire Services Medal for meritorious service
52. Correctional Service Medal for meritorious service
53. Home Guards and Civil Defence Medal for meritorious service
54. Jeevan Raksha Padak
55. Territorial Army Decoration
56. Territorial Army Medal
57. Indian Independence Medal—1947
58. Independence Medal—1950
59. 50th Anniversary of Independence Medal
60. 25th Independence Anniversary Medal
61. 30 Years Long Service Medal
62. 20 Years Long Service Medal
63. 9 Years Long Service Medal
64. Commonwealth Awards
65. Other Awards

BARUN MITRA
Dy. Secy. to the President

LOK SABHA SECRETARIAT

(ESTIMATES COMMITTEE BRANCH)

New Delhi-110001, the 1st May 2001

MEMBERS OF THE COMMITTEE ON ESTIMATES (2001-2002)

No. 4/2/EC/2001—The following Members of Lok Sabha have been elected to serve on the Committee on Estimates for the term ending 30th April, 2002:—

1. Shri G. M. Banatwalla
2. Shri S. Bangarappa
3. Shri Surendra Singh Barwala
4. Shri Lal Muni Chaubey
5. Shri A. B. A. Ghani Khan Choudhury
6. Shrimati Sheela Gautam
7. Shri Anant Gangaram Geete
8. Shri Sankar Prasad Jaiswal
9. Shri Vinod Khanna
10. Shri N. N. Krishnadas
11. Dr. C. Krishnan
12. Shri A. Krishnaswamy
13. Dr. Ramkrishna Kusmaria
14. Shri P. R. Kyndiah
15. Shri Samik Lahiri
16. Shri Sanat Kumar Mandal
17. Shri Manjaylal
18. Shri Shyam Bihari Mishra
19. Shri Nagmani
20. Prof. Rasa Singh Rawat
21. Shri G. Ganga Reddy
22. Shri Abdul Rashid Shaheen
23. Shri C. N. Singh
24. Shri Maheshwar Singh
25. Shri Rampal Singh
26. Shri Kodikunnil Suresh
27. Shri Lal Bihari Tiwari
28. Shri Shankersinh Vaghela
29. Prof. Ummareddy Venkateswarlu
30. Shri Ravi Prakash Verma

The Speaker has appointed Prof. Ummareddy Venkateswarlu, M. P. as the Chairman of the Committee on Estimates (2001 2002).

K. L. NARANG
Director

MINISTRY OE HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

(DEPARTMENT OF SECONDARY EDUCATION AND HIGHER EDUCATION)

New Delhi, the 29th March 2001

No. F. 9-18/2000-U. 3—Chennai Medical College & Research Institute was granted Deemed to be University status under the provision of Section 3 of the UGC Act (1956) vide this Ministry's Notification No. F. 9-3/97-U. 3 dated July 7, 1998 subject to a review after three years.

The Central Govt. on the request of the State Govt. & on the advise of University Grants Commission hereby withdraws Deemed to be University status from Chennai Medical College & Research Institute, Chennai with immediate effect reverting to the postion which prevailed priot to declaration of Deemed to be University status.

P. K. GUPTA, Dy Secy.

MINISTRY OF TOURISM AND CULTURE
(DEPARTMENT OF CULTURE)

New Delhi, the 3rd April 2001

RESOLUTION

No. H. 15-11-2000-Estt.—In continuation of this Department's Resolution of even number dated 4-5-2000, 22-6-2000 and 27-6-2000, the term of the Review Committee of the Archaeological Survey of India is extended up to 30-06-2001.

ORDER

Ordered that a copy of this Resolution may be communicated to all concerned.

Ordered also that the Resolution be published in the Gazette of India for general information.

L. KHIANGTE, Dy. Secy.

MINISTRY OF POWER

New Delhi, the 15th January 2001

No. 6/2/97-Trans.—In partial modification of Ministry of Power's Resolution of even number issued on 4th August, 1997, Director (Economic & Commercial), Nuclear Power Corporation of India Ltd. (NPCIL) is appointed to represent Department of Atomic Energy/ NPCIL on Regional Electricity Boards of Southern, Western, Eastern, North-Eastern and Northern Region in place of Executive Director (O), NPCIL.

The other constituent members will remain the same.

ORDER

Ordered that the above Resolution be communicated to the State Governments of Punjab, Rajasthan, Uttar Pradesh, Haryana, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Delhi, UT Administration of Chandigarh, the Bhakra Beas Management Board the National Hydro-Electric Power Corporation, the PGCIL the Nuclear Power Corporation, the Central Electricity Authority, the Northern Regional Electricity Board, all the Ministries of the Govt. of India, the Prime Minister's Office, the Secretary to the President, the Planning Commission, the Comptroller and Auditor General of India.

Ordered also that the Resolution be published in the Gazette of India.

J. VASUDEVAN
Additional Secy.

The 11th April 2001

RESOLUTION

No. 3/1/2001-Trans.—In partial modification of the Ministry of Power's Resolution No. 7/5/82-trans dated 9th August 1982 it has been resolved to reconstitute the Central Power & Telecommunication Co-ordination committee as detailed below :

Composition of the Committee :

1.	Chief Engineers (LD&T) Central Electricity Authority, New Delhi.	Chairman in Alternate Year.
2.	Chief General Manager, Transmission & Distribution Circle, Bharat Sanchar Nigam Ltd. (BSNL), Jabalpur.	Do
3.	Director (PTCC), Central Electricity Authority.	Secretary (Power)
4.	DGM, Transmission & Distribution Circle, BSNL, Jabalpur.	Secretary (Telecom)
5.	Director (Telecom), Railway Board, New Delhi.	Member
6.	Director (ML), Ministry of Communication	Member
7.	Chairman/Co-Chairman of SLPTCC	Member
8.	Director (GP), Ministry of Communication	Member
9.	Representative from Army Headquarters	Member
10.	DDG(NE), TEC, BSNL, Hyderabad	Member
11.	DET(PTCC), Tranmission & Distribution Circle, BSNL	Associate Member

2. The Headquarters of the Committee shall be at Delhi and the Posts & Telegraph Directorate will provide Secretariat assistance.

3. FUNCTIONS OF THE COMMITTEE :

The Committee shall :

a. Study the existing rules and regulations issued on the subject by competent authorities and suggest modifications, if any, are called for

in the light of the present day researches and developments and international practices.

b. Initiate and undertake scientific and field studies associated with the problem of co-ordination

c. Examine and study all individual co-ordination cases and recommend measures to be undertaken.

4. For carrying out the above functions, the Committee may seek the assistance of the Engineering Branches of the Bharat Sanchar Nigam Ltd. (BSNL), the Engineering Department of the Central and State Governments and other Scientific organizations in India, such as the Indian Institute of Science, Bangalore and the Council of Scientific and Industrial Research, New Delhi in carrying out various field studies and experiments.

5. In order that field tests and investigations may be carried out by the various scientific bodies and the BSNL on behalf of the Committee, it is recommended that the Central and State Governments whose co-ordination problems are to be considered should continue to provide in their annual budgets necessary lump sum grants for the purpose.

ORDER

ORDERED that the above Resolution be communicated to all State Governments, the National Thermal Power Corporation, National Hydroelectric Power Corporation, the Power Grid Corporation of India Ltd. the Central Electricity Authority all Regional Electricity Boards, all the Ministries of the Govt. of India, the Prime Minister's Office, the Secretary to the President, the Planning Commission, the Comptroller and Auditor General of India.

ORDERED also that the Resolution be published in the Gazette of India.

J. VASUDEVAN
Additional Secy.

खान मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनाक 26 मई, 2001

नियमावली

स० 4/1/2001-एम० II (एस एम०)—निम्नलिखित रिक्त पदों को भरने के लिये 2001 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता, परीक्षा की नियमावली जल संसाधन मंत्रालय की सहमति से सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित की जाती है:—

वर्ग—1 (भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण, खान मंत्रालय के पद)

(1) कनिष्ठ भू–विज्ञानी, ग्रुप "क" और

(2) सहायक भू–विज्ञानी, ग्रुप "ख"

वर्ग—2 (केन्द्रीय भूजल बोर्ड, जल संसाधन मंत्रालय के पद)।

(1) कनिष्ठ जल भू–विज्ञानी (वैज्ञानिक 'ख"), ग्रुप "क"।

(2) सहायक जल भू–विज्ञानी, ग्रुप "ख"।

2. कोई भी उम्मीदवार नियमों के अनुसार पात्र होने पर किसी एक या दोनो वर्गो के पदों के लिये, प्रतियोगी हो सकता है। जो उम्मीदवार परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त कर लेता है, उसे विस्तृत आवेदन प्रपत्र मे उन वर्गो के पदो के वरीयता क्रम को स्पष्ट रूप में उल्लेख करना होगा जिनके लिये वह विचार किये जाने का इच्छुक है, ताकि नियुक्ति करते समय योग्यता क्रम में उसके रैंक को ध्यान में रखते हुए उसके द्वारा दर्शायी गई वरीयता पर यथोचित रूप से विचार किया जा सके।

विशेष ध्यान (1): उम्मीदवार द्वारा विस्तृत आवेदन प्रपत्र में दर्शाई गई वरीयताओं में परिवर्धन/परिवर्तन करने संबधी किसी भी अनुरोध पर आयोग द्वारा ध्यान नहीं दिया जायेगा।

विशेष ध्यान (2): दोनों वर्गो के पदो के लिये प्रतियोगी उम्मीदवारों को वास्तव मे योग्यता सूची में उनके क्रम, उनके द्वारा दर्शाई गई वरीयताओं तथा रिक्तियों की संख्या के अनुसार ही पदों के लिये आवंटित किया जायेगा।

3. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किये गये नोटिस में निर्दिष्ट की जाएगी। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियो, अन्य पिछडी श्रेणियों तथा, शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिये रिक्तियों के आरक्षण सरकार द्वारा निर्धारित रूप मे किये जायेंगे। उक्त परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्तियां शुरू मे अस्थाई रूप में की जाएगी।

4. आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट—1 में निर्धारित रीति से आयोजित की जायेगी।

परीक्षा कब और कहा होगी यह आयोग द्वारा निश्चित किया जायेगा।

5. कोई उम्मीदवार या तो :—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा हो या

(ग) भूटान की प्रजा हो, या

(घ) भारत में स्थाई निवास के इरादे [illegible] से पहले भारत आया हुआ [illegible] हो [illegible] या

(ङ) भारत [illegible] स्थाई निवास [illegible] श्रीलंका, कीनिया, युगाण्डा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, पूर्वी अफ्रीकी देशो या जाम्बिया, मलावी, जैरे, इथियोपिया या वियतनाम से प्रव्रजन कर आया हुआ मूलत भारतीय व्यक्ति हो।

किन्तु शर्त यह है कि उपर्युक्त वर्ग (ख), (ग), (घ) [illegible] सम्बद्ध उम्मीदवारो को सरकार ने पात्रता प्रमाण–पत्र प्रदान [illegible] हो।

जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है। किन्तु उसे नियुक्ति प्रस्ताव केवल तभी दिया जा सकता है जब भारत सरकार द्वारा उसे आवश्यक पात्रता प्रमाण–पत्र जारी कर दिया गया हो।

6. (क) इस परीक्षा के उम्मीदवार की आयु पहली जनवरी, 2001 को 21 वर्ष हो चुकी हो, किन्तु 32 वर्ष पूरी न हुई हो अर्थात् उनका जन्म 2 जनवरी, 1969 से पहले और पहली जनवरी, 1980 के बाद न हुआ हो।

(ख) यदि निम्नलिखित वर्गो के सरकारी कर्मचारी नीचे के कालम 1 में उल्लिखित किसी विभाग में नियोजित हैं और यदि वे कालम 2 में उल्लिखित समरूपी पद (पदों) हेतु आवेदन करते हैं उनके मामले में ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम 7 वर्ष की छूट दी जायेगी:—

कालम 1	कालम 2
भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण	भूविज्ञानी (कनिष्ठ), ग्रुप 'क' सहायक भू–विज्ञानी, ग्रुप 'ख'
केन्द्रीय भू–जल बोर्ड	कनिष्ठ जल भू–विज्ञानी (वैज्ञानिक ख) ग्रुप 'क', सहायक जल भू–विज्ञानी ग्रुप 'ख'

(ग) निम्नलिखित स्थितियों मे ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में और छूट दी जायेगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक,

(2) अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उन उम्मीदवारों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो ऐसे उम्मीदवारों के लिये लागू आरक्षण को पाने के पात्र हों।

(3) ऐसे उम्मीदवार के मामले में, जिन्होने 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 तक की अवधि के दौरान साधारणतया जम्मू और कश्मीर राज्य में अधिवास किया हो, अधिकतम 5 वर्ष तक।

(4) शत्रु देश के साथ संघर्ष में या अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा इसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए रक्षा सेवा के कार्मिकों मामले में अधिक से अधिक 3 वर्ष;

(5) जिन भूतपूर्व सैनिकों (कमीशन प्राप्त अधिकारियों तथा आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित), ने पहली जनवरी, 2001 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुए शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल पहली जनवरी, 2001 से एक वर्ष के अन्दर पूरा होना है) उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक;

(6) आपातकालीन कमीशन अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन अधिकारियों के मामले में अधिकतम 5 वर्ष जिन्होंने सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पहली जनवरी, 2001 तक पूरी कर ली है, और जिनकी नियुक्ति 5 वर्ष से अधिक बढ़ाई गई हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय को एक प्रमाण पत्र जारी करना होता है कि वे सिविल रोजगार के लिये आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त करने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जायेगा।

(7) दृष्टिहीन, मूक–बधिर एवं विकलांग व्यक्तियों के लिये अधिकतम 10 वर्षों तक।

टिप्पणी I : अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित वे उम्मीदवार, जो उपर्युक्त नियम 6 (ग) के किन्हीं अन्य खंडों अर्थात्, जो भूतपूर्व सैनिकों, जम्मू तथा कश्मीर राज्य में अधिवास करने वाले शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, दोनों श्रेणियों के अंतर्गत दी जाने वाली संचयी आयु सीमा–छूट प्राप्त करने के पात्र होंगे।

टिप्पणी II : भूतपूर्व सैनिक शब्द उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें समय–समय पर यथासंशोधित भूतपूर्व सैनिक (सिविल सेवा और पद में पुन: रोजगार) नियम, 1979 के अधीन भूतपूर्व सैनिक के रूप में परिभाषित किया जाता है।

टिप्पणी III : आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा के कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित वे भूतपूर्व सैनिक तथा कमीशन अधिकारी, जो स्वयं के अनुरोध पर सेवामुक्त हुए हैं, उन्हें उपर्युक्त नियम 6 (ग) (5) तथा (6) के अधीन आयु सीमा में छूट नहीं दी जाएगी।

टिप्पणी IV : उपर्युक्त नियम 6 (ग) (7) के अन्तर्गत आयु में छूट के उपबन्धों के बावजूद, शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार की नियुक्ति हेतु पात्रता पर तभी विचार किया जा सकता है जब वह (सरकार या नियोक्ता प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षण के बाद) सरकार द्वारा शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार को आबंटित संबंधित सेवाओं/पदों के लिये निर्धारित शारीरिक एवं चिकित्सा मानकों की अपेक्षाओं को पूरा करता हो।

ऊपर की गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती।

आयोग जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन या माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाण–पत्र में किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गये प्रमाणपत्र किसी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रिकुलेटों के रजिस्टर में दर्ज की गई हो और वह उद्धरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो। जो उम्मीदवार उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या उसकी समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका है वह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत कर सकता है।

आयु के संबंध में कोई अन्य दस्तावेज जैसे जन्म कुण्डली, शपथ पत्र, नगर निगम तथा सेवा अभिलेख से प्राप्त जन्म संबंधी उद्धरण तथा अन्य ऐसे प्रमाण स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

अनुदेशों के इस भाग में आए हुए "मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र" वाक्यांश के अन्तर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण पत्र सम्मिलित है।

टिप्पणी I :— उम्मीदवार यह ध्यान में रखें कि आयोग उम्मीदवार की जन्म की उसी तारीख को स्वीकार करेगा जो कि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख को मैट्रिकुलेशन/उच्चतर परीक्षा प्रमाण पत्र में या समकक्ष परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज है और इसके बाद उसमें

परिवर्तन के किसी अनुरोध पर न ही विचार किया जाएगा और न ही उसे स्वीकार किया जाएगा।

टिप्पणी 2:— उम्मीदवार यह भी नोट कर लें कि उनके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए जन्म की तारीख एक बार लेख में दर्ज कर लेने के बाद उसमें बाद में या किसी बाद की परीक्षा में किसी भी कारण से परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

विशेष ध्यान :—

(1) जिस उम्मीदवार को नियम 6 (ख) के अन्तर्गत आयु सीमा में छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश दे दिया गया हो, उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी यदि आवेदन पत्र भेजने के बाद वह परीक्षा से पहले या परीक्षा देने के बाद सेवा से त्याग पत्र दे देता है या विभाग/कार्यालय द्वारा उसकी सेवायें समाप्त कर दी जाती हैं। किन्तु आवेदन करने के बाद यदि उसकी सेवा या पद से छटनी हो जाती है तो वह पात्र बना रहेगा।

(2) जो उम्मीदवार अपने विभाग को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर देने के बाद किसी अन्य विभाग/कार्यालय को स्थानान्तरित हो जाता है वह उस पद (पदों) हेतु विभागीय आयु संबंधी रियायत लेकर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का पात्र रहेगा जिसका पात्र वह स्थानान्तरण न होने पर रहता बशर्ते कि उसका आवेदन पत्र विधिवत अनुशंसा सहित उसके मूल विभाग द्वारा अग्रेषित कर दिया गया हो।

उम्मीदवार के पास :—

7. (क) भारत के केन्द्र या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मान्य घोषित किसी अन्य शिक्षा संस्थान से भू–विज्ञान या अनुप्रयुक्त भू–विज्ञान या समुद्र भू–विज्ञान में "मास्टर" डिग्री या

(ख) भारतीय खान विद्यालय, धनबाद से अनुप्रयुक्त भू–विज्ञान में एसोसियेटशिप का डिप्लोमा या

(ग) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनिज अन्वेक्षण में मास्टर डिग्री (केवल भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अधीन) के लिये या

(घ) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जल भू–विज्ञान में मास्टर डिग्री (केवल केन्द्रीय भूजल बोर्ड के पदों) हेतु।

टिप्पणी 1 :—यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह शैक्षिक दृष्टि से इस परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाता है, पर अभी उसे परीक्षा के परिणाम की सूचना न मिली हो तो वह इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन कर सकता है। जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता है वह भी आवेदन कर सकता है। ऐसे उम्मीदवारों को यदि अन्यथा पात्र होंगे तो परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। परन्तु परीक्षा में बैठने की यह अनुमति अनंतिम मानी जाएगी और अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में उनका प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा। उक्त प्रमाण विस्तृत आवेदन पत्र के, जो उक्त परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों द्वारा आयोग को प्रस्तुत करने पड़ेंगे, साथ प्रस्तुत करना होगा।

टिप्पणी 2 :—विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी शैक्षिक दृष्टि से योग्य मान सकता है जिसके पास इस नियम में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो, बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार का परीक्षा में प्रवेश उचित ठहर सके।

टिप्पणी 3 :—जिस उम्मीदवार ने अन्यथा अर्हता प्राप्त कर ली है किन्तु उसके पास विदेशी विश्वविद्यालय की ऐसी डिग्री है, जो सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त नहीं है तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और उसे आयोग की विवेक्षा पर परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है।

8. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस में निर्धारित शुल्क का भुगतान अवश्य करना चाहिए।

9. जो व्यक्ति पहले से ही सरकारी नौकरी में आकस्मिक या दैनिक दर कर्मचारी से इतर स्थाई या अस्थाई हैसियत से या कार्य प्रभावित कर्मचारियों की हैसियत से काम कर रहे हैं या जो सार्वजनिक उद्यमों में कार्यरत हैं उन्हें यह वचन (अण्डरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के प्रधान को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने के संबंध में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है/उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

10. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार के आवेदन प्रपत्र को स्वीकार करने तथा उनकी पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

परीक्षा में आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के उन सभी स्तरों, जिनके लिये आयोग में उन्हें प्रवेश दिया है, अर्थात् लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण में उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा तथा उनके निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करने पर आधारित होगा। यदि लिखित परीक्षा तथा

साक्षात्कार परीक्षण के पहले या बाद में सत्यापन करने पर यह पता चलता है कि वे पात्रता की किन्ही शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो आयोग द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

11. किसी उम्मीदवार को परीक्षा मे तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण–पत्र (सर्टिफिकेट ऑफ एडमीशन) न हो।

12. जिस उम्मीदवार ने :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त किया है अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छदम रूप से कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रलेख या ऐसे प्रलेख प्रस्तुत किए हैं जिनमे तथ्यो में फेरबदल किया गया है, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्त्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है अथवा

(6) परीक्षा में उम्मीदवार के सबध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायो का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधन का प्रयोग किया हो, अथवा

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हो जो अश्लील भाषा मे या अभद्र आशय की हो, अथवा

(9) परीक्षा भवन मे और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, अथवा

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियो को परेशान किया हो, अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, अथवा

(11) उम्मीदवारो को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित [illegible] के साथ जारी किसी अनुदेश का [illegible] हो, अथवा

(12) पूर्वोक्ति खंडों मे उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य को करने का प्रयास किया हो या करने की प्रेरणा दी हो, [illegible] हो उन पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और इसके साथ ही उसे —

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा मे जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है तथा/अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा [illegible] विशेष अवधि के लिए :—

(1) [illegible] किसी भी परीक्षा अथवा

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अतर्गत पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमो के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :—

(1) उम्मीदवार इस सबध मे जो लिखित अभ्यावेदन देना चाहे उसे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय मे यदि कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया हो तो उस पर विचार न कर लिया गया हो।

13. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा मे आयोग द्वारा अपनी विवक्षा पर निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हैं उन्हें व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

परन्तु यदि आयोग के मतानुसार सामान्य स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडी श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियो के भरने के लिए इन जातियों के उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाए जा सकते हैं तो आयोग उनको स्तर में छूट देकर व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुला सकता है।

14. (1) साक्षात्कार के बाद आयोग प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अतिम रूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम से उम्मीदवारो की सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जिन्हें आयोग योग्य समझेगा उनकी उन अनारक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा करेगा जिन्हें इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरा जाना है।

(2) आयोग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अ० पि० श्रेणियो के उम्मीदवारों को, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी श्रेणियो के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक, स्तर में छूट देकर सिफारिश की जा सकेगी किन्तु शर्त यह है कि ये उम्मीदवार सेवा पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों।

परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडी श्रेणियों के जिन उम्मीदवारों की अनुशंसा आयोग द्वारा परीक्षा के किसी भी चरण में अर्हता या चयन माप दंडों में रियायत/छूट दिए बिना की जाती है, उनका समायोजन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछडी श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों में नहीं किया जाएगा।

15. शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों हेतु आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए उन्हे परीक्षा के सभी स्तरों पर आयोग के विवेकानुसार निर्धारित अर्हता स्तर में छूट दी जाएगी। तथापि यदि शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार का आयोग द्वारा सामान्य, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडे वर्गों के

उम्मीदवारों हेतु निर्धारित अर्हता स्तर पर अपेक्षित संख्या में अपनी योग्यता पर चयन होता है तो आयोग द्वारा रियायती स्तर पर अतिरिक्त शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों अर्थात् उनके लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या से अधिक की अनुशंसा नहीं की जाएगी।

16. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा और आयोग उनसे परीक्षाफल के बारे में कोई पत्र–व्यवहार नहीं करेगा।

17. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता है इसके लिए आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से संतुष्ट हो जाए कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत्त की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है।

18. उम्मीदवार को मानसिक और शरीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलतापूर्वक न निभा सके सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जैसी भी स्थिति हो, निर्धारित चिकित्सा परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह पाया जाता है कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। व्यक्तित्व परीक्षण के लिए आयोग द्वारा बुलाए गए उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा भाग-I कराई जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर अंतिम रूप से सफल घोषित किए जाने पर चिकित्सा परीक्षा भाग-II कराई जाएगी। भाग-I तथा भाग-II के चिकित्सा परीक्षण विवरण इस नियमावली के परिशिष्ट-II में दिए गए हैं। डाक्टरी परीक्षा के समय उम्मीदवार शुल्क के रूप में रु० 16.00 (केवल सोलह रुपये) का भुगतान चिकित्सा बोर्ड को करेगा।

नोट :—निराशा से बचने के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने से पहले सिविल सर्जन स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी डाक्टरी जांच करा लें। उम्मीदवारों को नियुक्ति से पहले जिन डाक्टरी परीक्षाओं से गुजरना होगा इनके स्वरूप के विवरण और मानक परिशिष्ट-2 में दिए गए हैं। विकलांग हुए भूतपूर्व सैनिकों को पद विशेष की अपेक्षाओं के अनुसार स्तर में छूट दी जाएगी।

19. शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को उनके लिए आरक्षित रिक्तियों पर विचार किए जाने के लिए उनकी अक्षमता चालीस प्रतिशत (40%) या उससे अधिक होनी चाहिए। तथापि ऐसे उम्मीदवारों से निम्नलिखित शारीरिक अपेक्षाओं/क्षमताओं में से एक या अधिक जो संबंधित सेवाओं/पदों में कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक हो, पूरी करने की अपेक्षा की जाएगी।

कोड		शारीरिक अपेक्षाएं
एफ (F)	1.	हस्तकौशल (अंगुलियों से) द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्य।
पी पी (PP)	2.	खींच कर तथा धक्के द्वारा किए जाने वाले कार्य।
एल (L)	3.	उठाकर किए जाने वाले कार्य।
के सी (KC)	4.	घुटने के बल बैठकर तथा क्राउचिंग द्वारा किए जाने वाले कार्य।
बी (B)	5.	झुककर किए जाने वाले कार्य।
एस (S)	6.	बैठकर (बेंच या कुर्सी पर) किए जाने वाले कार्य।
एस टी (ST)	7.	खड़े होकर किए जाने वाले कार्य।
डब्ल्यू (W)	8.	चलते हुए किए जाने वाले कार्य।
एस ई (SE)	9.	देखकर किए जाने वाले कार्य।
एच (H)	10.	सुनकर/बोलकर किए जाने वाले कार्य।
आर डब्ल्यू (RW)	11.	पढ़कर तथा लिखकर किए जाने वाले कार्य।

संबंधित सेवाओं/पदों की अपेक्षाओं के अनुरूप उनके मामलों में कार्यात्मक वर्गीकरण निम्नलिखित में से एक या अधिक होगा:—

कार्यात्मक वर्गीकरण

कोड		कार्य
बी एल (BL)	1.	दोनों पैर खराब लेकिन भुजाएं नहीं।
बी ए (BA)	2.	दोनों भुजाएं खराब–क. दुर्बल पहुंच ख. पकड़ की दुर्बलता
बी एल ए (BLA)	3.	दोनों पैर तथा दोनों भुजाएं खराब।
ओ एल (OL)	4.	एक पैर खराब (दायां या बायां)–क. दुर्बल पहुंच ख. पकड़ की दुर्बलता ग. ऐटेक्सिक
ओ ए (OA)	5.	एक भुजा खराब (दाईं या बाईं) –यही–
बी एच (BH)	6.	सख्त पीठ तथा कूल्हे (बैठ या झुक नहीं सकते)।
एम डब्ल्यू (MW)	7.	मांसपेशीय दुर्बलता तथा सीमित शारीरिक सहनशक्ति।
बी (B)	8.	नेत्रहीन।
पी बी (PB)	9.	आंशिक नेत्रहीन।
डी (D)	10.	बधिर।
पी डी (PD)	11.	आंशिक बधिर।

20. जिस व्यक्ति ने :—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबंध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबंध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के

लिए अन्य कारण भी है तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दी जा सकती है।

21. इस परीक्षा में माध्यम से जिन पदों के संबंध में भर्ती की जा रही है उसका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट-3 में दिया गया है।

ऐ० के० भण्डारी
निदेशक

परिशिष्ट—I

1. परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी :—

भाग-1— नीचे पैरा 2 में दिए गए नियमो में लिखित परीक्षा।

भाग-2— आयोग द्वारा साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों का व्यक्तित्व परीक्षण जो अधिकतम 200 अंकों का है।

2. लिखित परीक्षा निम्न विषयों में ली जाएगी :—

	विषय	समय	पूर्णांक
(1)	सामान्य अंग्रेजी	2 घंटे	100
(2)	भू–विज्ञान प्रश्न–पत्र I	3 घटे	200
(3)	भू–विज्ञान प्रश्न–पत्र-II	3 घंटे	200
(4)	भू–विज्ञान प्रश्न–पत्र III	3 घटे	200
(5)	जल भू–विज्ञान	3 घंटे	200

नोट :— वर्ग 1, और वर्ग 2 के अंतर्गत पत्रों के लिए प्रतियोगी उम्मीदवारो को उपर्युक्त सभी विषय लेने होगे। केवल वर्ग 1 के अन्तर्गत पदों के लिए प्रतियोगी उम्मीदवारों को उपर्युक्त (1) से (4) तक के विषय लेने होंगे और केवल वर्ग 2 के अन्तर्गत पदों के लिए प्रतियोगी उम्मीदवारों को (1) से (3) तथा (5) तक विषय लेने होगे।

3. सभी विषयों की परीक्षा पूर्णत. परम्परागत निबंधात्मक प्रकार की होगी।

4. सभी प्रश्न–पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में देना होगा। प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी में होंगे।

5. परीक्षा का स्तर और पाठ्यचर्या संलग्न अनुसूची के अनुसार होगे।

6. उम्मीदवारों को उत्तर अपने ही हाथ से लिखने चाहिए। उन्हें उत्तर लिखने के लिए किसी लिखने वाले की सहायता की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. आयोग परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के लिए अर्हक अक निश्चित कर सकता है।

8. यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से पढ़ने लायक नहीं होगी तो उसे अन्यथा मिलने वाले अंकों मे से कुछ अंक काट लिए जाएंगे।

9. अनावश्यक ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे।

10. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का श्रेय दिया जाएगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध प्रभावपूर्ण ढंग को और सही हो।

11. प्रश्न–पत्र में आवश्यक होने पर केवल प्रश्न तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली से संबंधित ही पूछे जाएंगे।

12. उम्मीदवारों को प्रश्न–पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अन्तर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए।

13. उम्मीदवारों को इस परीक्षा में अपने साथ बैटरी चालित पाकेट केलकुलेटर लाने तथा प्रयोग करने की छूट है। परीक्षा हाल में केलकुलेटर उधार लेने अथवा बदलने की अनुमति नहीं है।

14. व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार

उम्मीदवार का साक्षात्कार सक्षम तथा निष्पक्ष प्रेक्षकों के एक बोर्ड द्वारा होगा जिसके समक्ष उम्मीदवार के परिचयवृत का पूर्व अभिलेख होगा। साक्षात्कार का उद्देश्य उम्मीदवार जिस पद के लिए वह प्रतियोगी है उसके लिए उसकी उपयुक्तता को आंकना है। व्यक्तित्व परीक्षण में उम्मीदवार की नैतृत्व, पहलशक्ति और बौद्धिक जिज्ञासा, व्यवहार कौशल और अन्य सामाजिक गुणों, मानसिक और शारीरिक शक्ति, व्यवहारिक अनुप्रयोग की क्षमताओं, चारित्रिक सत्यनिष्ठा और स्वयं को कार्य क्षेत्र के अनुकूल बनाने के प्रति अभिरुचि की क्षमताओं के मूल्यांकन की ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

अनुसूची

स्तर और पाठ्यचर्या

अंग्रेजी के प्रश्न–पत्र का स्तर ऐसा होगा जिसकी अपेक्षा विज्ञान के स्नातक से की जाती है। भू–वैज्ञानिक विषय भारतीय विश्वविद्यालय की एम०एस०सी० डिग्री स्तर के होंगे और सामान्यतः प्रत्येक विषय में ऐसे प्रश्न रखे जाएंगे जिनमें उम्मीदवारों की विषय की समझ का पता लग सके।

किसी भी विषय की प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी।

(1) सामान्य अंग्रेजी

उम्मीदवारों की अंग्रेजी में एक लघु निबंध लिखना होगा। अन्य प्रश्नों का उद्देश्य उनकी अंग्रेजी समझने की क्षमता तथा शब्दों के सुनिपुण की परीक्षा करना होगा।

(2) भू-विज्ञान

प्रश्न-पत्र-1

खंड क : भू-आकृति विज्ञान तथा सुदूर संवेदन

मूल सिद्धांत। अपक्षण तथा मृदा बृहत क्षति। प्रक्रियाओं पर जलवायु का प्रभाव। अपरदन चक्र की अवधारणा। नदीय भू भाग, शुष्क क्षेत्रों, तटीय क्षेत्रों 'कार्स्ट' भूदृश्य तथा हिमानी श्रृंखलाओं का भू–आकृति विज्ञान, भू–आकृति मानचित्रण, ढाल विश्लेषण तथा

अप्रवाह द्रोणी विश्लेषण। खनिज पूर्वेक्षण, सिविल इंजीनियरी, जल विज्ञान तथा पर्यावरणीय अध्ययनों मे, भू–आकृति विज्ञान का अनुप्रयोग। स्थलाकृति मानचित्र। भारत का भू–आकृति विज्ञान। वायवीय फोटोग्राफी तथा फोटोग्राममीति की अवधारणा तथा नियम। उपग्रह सुदूर सवेदन–आंकडा उत्पाद तथा उनकी व्याख्या की परिकल्पना तथा सिद्धांत। प्रतिबिम्ब संसाधन। स्थलरूप में सुदूर सवेशन तथा भू उपयोग मानचित्रण संरचना मानचित्रण–जल भूविज्ञानीय अध्ययन तथा खनिज अन्वेषण। विश्वव्यापी तथा भारतीय अंतरिक्ष मिशन। भौगोलिक सूचना तंत्र (GIS)—सिद्धांत तथा अनुप्रयोग।

खंड ख : संरचना भू-विज्ञान

भू–वैज्ञानिक मानचित्रण तथा मानचित्र, अंकन, प्रक्षेप आरेख के सिद्धांत। इलास्टिक, प्लास्टिक तथा लसीला के (विस्कोसा) सामग्री का बल–दबाव संबंध, विकृत शेलो के दबाव का मापन विरूपण परिस्थितियों में खनिजों तथा शेलो का व्यवहार। बलन, भेदन/दरार रेखण, सधियों तथा भ्रंशों का सरचनात्मक विश्लेषण, अध्यारोपित विरूपण। क्लनन तथा भ्रंशन की क्रियाविधि। क्रिस्टलन और विरूपण के बीच समय संबधता विषमविन्यास तथा आधार–उपस्थिति संबंध। आग्नेय शेलों, अतर्वेधी तथा लवण गुम्बदों का संरचनात्मक व्यवहार। शेल संविन्यासी परिचय।

खंड ग : भू-विवर्तनिक

पृथ्वी तथा सौर पद्धति, उल्कापिन्ड तथा अन्य अति पार्थिव पदार्थ पृथ्वी का ग्रहीय विकास तथा इसकी आंतरिक संरचना। पृथ्वी की भू–पटल की विषमता। महासागरीय तथा महाद्वीपीय भू–पटल की प्रमुख विवर्तनिक विशेषताएं। महाद्वीपीय विस्थापन—भूवैज्ञानिक तथा भू–भौतिकीय प्रमाण, यांत्रिकी आपत्तियां, वर्तमान स्थिति। मध्यसागरीय कटक, गभीरसागर खाईयां, स्थर भू–खंड क्षेत्रों तथा पर्वतीय श्रृंखलाओ पर गुरुत्व एवं चुम्बकीय असंगति। पराचुम्बकत्व। समुद्रतल विस्तारण तथा प्लेट विवर्तनिकी। द्वीप चाप, महासागरीय द्वीप तथा ज्वलामुखी चाप। समस्थिति, पर्वतन तथा महादेशरचना। पृथ्वी की भूकंपीय पट्टियां। भूकंपीयता तथा प्लेट संचलन। भारतीय पट्टिका की भू–गतिकी।

खंड घ : स्तरिकी

नाम पद्धति तथा आधुनिक स्तरिकी नियमावली। विकिरण—समस्थानी तथा भूवैज्ञानिक काल मापन। भूवैज्ञानिक काल—स्केल। अजीवाश्मी गैर जीवाश्ममय शैली के सहसंबंध की स्तरिकी प्रक्रियाएं। भारत की कैम्बरियन पूर्व स्तरिकी। भारत की पुराजीवी मध्यजीवी तथा नूतनजवी शैल समूह की स्तरिकी। गोडवाना शेल समूह तथा गोडवाना भूमि। हिमालय का उत्थान तथा शिवालिक द्रोणी का विकास। दक्खिनी ज्वालामुखी। चतुर्थ महाकल्प स्तरिकी। शैल अभिलेख, पुराजलवायु तथा पुरा भूगोल।

खंड ङ : जीवाश्म विज्ञान

जीवाश्म अभिलेख तथा भूवैज्ञानिक काल स्कंल। आकृति विज्ञान तथा जीवाश्म समूहों के काल परिसर। भूवैज्ञानिक काल में मोलस्को तथा स्तनपायियों में विकासीय परिवर्तन। विकास के सिद्धांत। जैव स्तरिकी सह–सबंध में फोरामिनीफेरा तथा एकिनोडमांट की जातियों तथा सवंशों का प्रयोग। शिवालि कक्षेरूकी प्राणिजात तथा गोडवाना वनस्पति, कैम्बरियन पूर्व काल में जीवन का प्रमाण। विभिन्न सूक्ष्म जीवाश्म समूह तथा उनका भारत में वितरण।

(3) भू-विज्ञान

प्रश्न पत्र-II

भाग क : खनिजिकी

आम शैल निर्मित करने वाले सिलीकेट खनिज समूहों के भौतिकीय, रसायनिक तथा क्रिस्टल संरचनात्मक अभिलक्षण। आग्नेय तथा कायांतरी शैलों के आम खनिज। कार्बोनेट, फास्फेट, सल्फाइड तथा हैलाइड समूहों के खनिज।

आम शैल निर्मित करने वाले सिलीकेट खनिजों के प्रकाशीय गुण, एक अक्षीय तथा द्विअक्षीय खनिज। खनिजों के विलोम कोण, बहु–वर्णता, द्विअवर्तन तथा उनके खनिज संघटन से संबंध। यमलित क्रिस्टल/प्रकीर्णन। 4 स्टेज।

भाग ख : आग्नेय तथा कायांतरी शैलिकी

आग्नेय शैलों के रूप, गठन तथा संरचना। सिलीकेट गलित संतुलन, द्विअंगी तथा त्रिअंगी अवस्था आरेख। ग्रेनाइट, बेसाल्ट, एन्डेजाइट तथा क्षारीय शैलों की शैलिकी तथा भूविवर्तनिक विकास। ग्रैवो, किम्बरलाइट एनार्थसाइट तथा कार्बोनेटाइट की शलिकी/प्राथमिक अल्पसिलिक मैग्माकी उत्पत्ति।

कायांतरी शैलों का गठन तथा संरचना। मृदार्श्मक तथा अशुद्ध कैल्सियमी शैलों का क्षेत्रीय तथा संस्पर्श कायान्तरण। खनिज समुच्चय तथा P-T अवस्था। कायांतरिन अभिक्रियों का प्रायोगिक तथा उष्मागतिक मूल्यांकन। कायांतरण के विभिन्न कोटि तथा संलक्षणी के अभिलक्षण। मैटासेमिटज्म तथा ग्रेनाइटांभवन, मिग्मेटाइट/प्लेटविर्वतनिकी तथा कायांतरण मंडल युग्मित कायांतरिक पट्टी।

भाग ग : अवसादी विज्ञान

अवसादी का जनक क्षेत्र तथा प्रसंघनन। अवसादी गठन। स्थलजात अवसादों का ढांचा मैट्रिक्स तथा सीमेंट। कण–साइज की परिभाषा, मापन तथा व्याख्या/हाड्रोलिक्स के तत्व। प्राथमिक संरचना तथा पुराधारा विश्लेषण। जीव जनित तथा रासायनिक अवसादी संरचना। अवसादी पर्यावरण तथा संलक्षणी। समुद्री, असमुद्री तथा मिश्रित अवसादों का संलक्षणी प्रतिरूपण। विवर्तनिक तथा अवसादन। अवसादी द्रोणियों का वर्गीकरण तथा परिभाषा। भारत के अवसादी द्रोणियां। चक्रीय अवसाद। भूकंपी तथा अनुक्रमी स्तेरिकी/द्रोणी विश्लेषण का लक्ष्य तथा क्षेत्र। संरचना परिरेखा तथा समस्थूलता मैप।

भाग घ : भू-रसायन

पृथ्वी, सौर परिवार तथा समिष्टि के संबंध में, तत्वों का अंतरिक्षी बाहुल। ग्रहों तथा उल्कापिंडों का संघटन। पृथ्वी की संरचना तथा संघटन और तत्वों का वितरण। सूक्ष्म मांत्रिक तत्व। मूल (प्रारंभिक)

क्रिस्टल रसायन तथा उष्मागतिकी। समस्थानिक रसायन का परिचय। जलमंडल, जीवमंडल तथा वायुमंडल का भू–रसायन/भूरसायनिक चक्र तथा भूरसायनिक पूर्वेक्षण के सिद्धांत।

भाग ङ : पर्यावरणीय भूविज्ञान

सकल्पना तथा सिद्धात। प्राकृतिक आपदा–निरोधक/पूर्वोपाय विधिया–बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प, नदी तथा तटीय अपरदन। मानवोद्भवी सक्रियता जैसे नगरीकरण, विवृत खनन तथा अखनन, नदी–घाटी परियोजना, औद्योगिक तथा रेडियोधर्मी अवशिष्ट का निपटान, भौमजल का अतिअधिक निकासी, उर्वरक का उपयोग, अयस्कों, खनन अवशिष्टों तथा फ्लाइ ऐश का क्षेपण का प्रतिघाट निर्धारण/भौमजल का कार्बनिक तथा अकार्बनिक दूषण तथा उनके उपचार की विधियां। मृदा निम्नीकृत तथा उपचार की विधियां। पर्यावरण संरक्षा–भारत में वैधानिक विधियां।

(4) भूविज्ञान

प्रश्न पत्र-III

खंड क : भारतीय खनिज निक्षेप तथा खनिज अर्थशास्त्र

धात्विक निक्षेपों की भारत में प्राप्ति तथा वितरण–क्षारक धातु, लोहा, मैंगनीज, एलुमिनियम, क्रोमियम, निकल, सोना, चांदी मालिब्डेनम। भारतीय अधात्वनिक्षेप–अभ्रक, एसबेस्टस, बेराईटीज, जिप्सम, ग्रैफाइट, ऐपाटाइट तथा बेरिल। रत्नपाषाण, दुर्गलनीय खनिज, अपघर्षक तथा कांच उर्वरक, प्रलेप, सिरोमिक तथा सीमेंट उद्योग के उपयोग में आने वाले खनिज। इमारती पत्थर। फासफोराइट निक्षेप। लेसर निक्षेप। दुर्लभ मृदा खनिज।

युक्तीय, क्रांतिक तथा अनिवार्य खनिज। खनिज उत्पादन में भारत की स्थिति। खनिज खपत का बदलता पैटर्न। राष्ट्रीय खनिज नीति। खनिज अनुदान नियम। समुद्री खनिज सम्पत्ति तथा समुद्र के नियम।

खंड ख : अयस्क उत्पत्ति

अयस्क निक्षेप तथा अयस्क खनिज। खनिजन के मैग्मीय प्रक्रम। पार्थिरी, स्कार्न तथा उष्णजलीय खनिजन। तरल अंतर्वेश अध्यमन। (I) अतिमैफिक, मैफिक तथा अधिसिलिक शैलों (II) हरितास्म पट्टी (III) कोमाटाइट, एनार्थोसाइट तथा किम्बरलाइट एवं अंतः सागरीय ज्वालामुखन से संबंधित खनिजन। भू–वैज्ञानिक समय आद्योपान्त में मैग्मा–संबंधी खनिजन। स्तररूप तथा स्तरपरिमा अयस्क। अयस्क तथा कायांतरण–कारण और परिणाम संबंध।

खण्ड ग : खनिज अन्वेषण

पृष्ठ तथा अधस्तलीय अन्वेषण की विधियां, आर्थिक खनिजों का पूर्वेक्षण–प्रवेधन, प्रतिचयन, आमापनन। भूभौतिकीय प्रविधि–गुरुत्व, वैद्युत, चुम्बकीय, वायुवाहित तथा भूकंपी। भूआकृतिक तथा सुदूर संवेदन प्रविधि। भूवानस्पतिक तथा भूरासायनिक विधियां। वेधन संलेखन तथा विचलन के लिए सर्वेक्षण।

खण्ड घ : ईंधन का भूविज्ञान

कोयला की परिभाषा तथा उत्पति। कोयला युक्त संस्तरकी स्तरिकी। कोयला शैल विज्ञान के मूलभूत, पीट, लिग्नाइट, बिटुमेनी तथा ऐन्थ्रासाइट कोयला। कोयला के सूक्ष्मदर्शीय संघटक। कोयला–शैल विज्ञान का औद्योगिक अनुप्रयोग। भारतीय कोयला निक्षेप। कार्बनी पदार्थों का प्रसंघनन।

प्राकृतिक हाइड्रोकार्बनों की उत्पति, अभिगमन तथा फंसना। स्त्रोत तथा तैलाश्म शैलों के अभिलक्षण। सरचनात्मक, स्तरिक तथा मिश्रित ट्रैप। अन्वेषण की प्रविधियां। भारत के अभितट तथा अपतट पेट्रोलियम द्रोणियों का भौगोलिक तथा भूवैज्ञानिक वितरण।

रेडियोसक्रिय खनिजों की खनिजिकी तथा भूरसायन। रेडियोसक्रियता पहचानने की यत्रीय प्रविधियां। खनिजों के निक्षेपों के पूर्वेक्षण तथा आमापन के लिए रेडियोसक्रिय विधियां। भारत में रेडियो सक्रिय खनिजों का वितरण, पेट्रोलियम की खोज में रेडियोसक्रिय विधिया–कूप संलेखन प्रविधि। नाभिकीय अपरद निपटान–भूवैज्ञानिक बाधाए।

खण्ड ङ : इंजीनियरी भूविज्ञान

शैलों तथा मृदाओं के बलकृत गुणधर्म। नदी घाटी परियोजनाओं में भूवैज्ञानिक अन्वेषण–बांध तथा जलाशय, सुरंगे–प्रकार, विधिया तथा समस्याएं। सेतु–प्रकार तथा आधारी समस्याएं। तटरेखा इंजीनियरी। भूस्खलन–वर्गीकरण, कारण निवारण तथा पुनर्वास। कंक्रीट पुंज–स्त्रोत, क्षार–पुंज प्रतिक्रिया। अभूकंपी, योजना–भारत मे भूकंपनीयता तथा भूकंप प्रतिरोध संरचनाएं। इंजीनियरी परियोजनाओं में भौमजल की समस्याएं। भारत के मुख्य परियोजनाओं के भू–तकनीकी केस अध्ययन।

(5) जल भूविज्ञान

खण्ड क : जल का उद्भव, प्राप्ति तथा वितरण

जल का उद्भव : उल्का, आकाशी मैग्मीय तथा समुद्री जल।

जलीय चक्र · अवक्षेपण, प्रवाह, अंतःस्यदन तथा वाष्पोत्सर्जन। जलारेख। उपपृष्ठीयगति तथा भूजल का उर्ध्व वितरण। झरने। जलभरों का वर्गीकरण अपवाह द्रोणी तथा भूजल द्रोणी की अवधारणा शैलों के जल विज्ञानीय गुणधर्म–आपक्षिक पराभव, आपक्षिक धारण, संरंधता द्रव चालकता, पारगम्यता, भंडारण गुणांक/भौम जलस्तर की घटाव बढ़ाव–उद्भावक कारक, वायुदबीय अवधारणा और ज्वारीय क्षमता। जल स्तर समोच्च रेखा मानचित्र। जलधारी लक्षणों के संदर्भ में शैलों का वर्गीकरण–जल स्तरिकी इकाई–भारत के भूजल क्षेत्र। भारत के शुष्क प्रदेशों का भू–जल विज्ञान, आर्द्र क्षेत्र।

खण्ड ख : कूप द्रवचालित तथा कूप डिजाइन

भूजल प्रवाह का सिद्धांत, डार्सी का नियम और उसके अनुप्रयोग, प्रयोगशाला तथा क्षेत्र में परागम्यता का निर्धारण। कूपों के प्रकार, कूपों की ड्रिलिंग पद्धतियां, संरचना डिजाइन, विकास तथा अनुरक्षण, आपेक्षिक क्षमता तथा उसका निर्धारण। अपरिरुद्ध परिरुद्ध अस्थिर स्थिर तथा त्रिज्य प्रवाह परिस्थितियां। भूजल विज्ञानीय सीमाओं के लिए पम्प परीक्षण–पद्धतियां, आंकडों का विश्लेषण तथा व्याख्या। थीम, थीस, जैकब तथा वाल्टन पद्धतियां अपनाते हुए जलभरो के

पैरामिटरों का मूल्यांकन। भू-जल प्रतिदर्श अंकीय तथा विद्युत माडल।

खण्ड ग : भू-जल रसायन विज्ञान

भू-जल गुणवता—जल के भौतिक तथा रासायनिक गुणधर्म, विभिन्न प्रयोगों के लिए गुणवत्ता मानदंड—जल गुणवत्ता आंकड़ों की ग्राफीय प्रस्तुति—भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भू–जल की गुणवत्ता—आर्सेनिक तथा फ्लोराइड की समस्याएं–तटीय तथा अन्य जलभरों में खारे पानी का अतिक्रमण और इसके रोधक उपाय। जल-भू विज्ञानीय, अध्ययनों में विकिरण समस्थानन (रेडियो आईसटाप) भू-जल संदूषण।

खण्ड घ : भू-जल अन्वेषण

भूविज्ञानी—अश्मविज्ञानीय तथा सरचनात्मक मानचित्रण, फेक्चर ट्रेस विश्लेषण। जल–भूविज्ञानीय–जल विज्ञानीय गुणों के संदर्भ में अश्मविज्ञानीय वर्गीकरण। भूविज्ञानीय संरचनाओं के संदर्भ में द्रवचालित निरन्तरता। झरनों की स्थिति-सुदूर संवेदी–विभिन्न उपग्रह प्रेषणों के विभिन्न प्रभावों के उपयोग द्वारा भू-भाग का जल-भू आकृति मानचित्रण। रेखीय मानचित्रण। उपग्रह प्रभावों द्वारा सतही भू-जल सामर्थ्य क्षेत्र मानचित्रण। पृष्ठीय भू भौतिकी पद्धतियां—भूकंपीय घनत्वीय, भू विद्युतीय तथा चुम्बकीय। उपपृष्ठीय भू भौतिकी पद्धतियां—जलभरों के चित्रण तथा जलगुणवत्ता के आंकलन के लिए कूप गणन।

खण्ड ङ : भू-जल की समस्याएं तथा प्रबंध

स्थापत्य कार्य, खनन, नहरें तथा सुरंगों से संबंधित भू-जल की समस्याएं। अवशोषण तथा भू-जल खनन की समस्याएं। शहरी क्षेत्रों में भू-जल विकास तथा वर्षा जल उपज। कृत्रिम पुनर्भरण पद्धतियां। शुष्क प्रदेशों में भू-जल की समस्याएं और सुधारक उपाय। भू-जल संतुलन और आकलन की पद्धतियां। भू-जल विधान। संपोषण मानदण्ड तथा भू-जल खोतों के नवीनीकृत तथा अनवीनीकृत प्रबंध।

परिशिष्ट-2

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम

[ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं। ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों (मेडिकल एग्जामिनर्स) के मार्ग निर्देशन के लिए भी हैं तथा जो उम्मीदवार इन विनियमों की निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता तो उसे स्वास्थ्य परीक्षक द्वारा स्वस्थ घोषित नहीं किया जा सकता। किन्तु किसी उम्मीदवार को इन विनियमों में निर्धारण मानक के अनुसार स्वस्थ न मानते हुए भी स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड को इस बात की अनुमति होगी कि वह लिखित रूप से स्पष्ट कारण देते हुए भारत सरकार को यह अनुशंसा कर सके कि उक्त उम्मीदवार को सेवा में लिया जा सकता है और इससे सरकार को कोई हानि नहीं होगी।

2(क) यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि भारत सरकार को चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद किसी भी उम्मीदवार को अस्वीकृत या स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा। रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व विकलांग कर्मचारियों के मामले में पदों की अपेक्षाओं को देखते हुए स्तर में छूट दी जाएगी।

2 (ख) चिकित्सा परीक्षा दो भागों में आयोजित की जाएगी। अर्थात् भाग-I जिसमें छाती के रेडियोग्राफिक परीक्षण (एक्स-रे परीक्षण) को छोड़कर सम्पूर्ण चिकित्सा सम्मिलित है मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाएगी। भाग-II जिसमें मेडिकल परीक्षण (छाती का एक्स-रे परीक्षण) सम्मिलित होगा। भाग-II परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों की की जाएगी जो प्रथम परीक्षा के आधार पर अंतिम रूप से सफल घोषित किए जाएंगे।]

1. नियुक्ति के लिए स्वस्थ ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवारों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो।

2. भारतीय (एंग्लोइण्डियन सहित) जाति के उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेरे के परस्पर संबंध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर संबंध के आंकड़े सबसे अधिक उपयुक्त समझें, व्यवहार में लाएं। यदि वजन, कद और छाती के घेरे में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवारों को अस्पताल में रखना चाहिए और उसकी छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

तथापि केवल उन उम्मीदवारों की छाती का एक्स–रे किया जाएगा जिन्हें चिकित्सा परीक्षण के भाग-II के लिए मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के निदेश दिए जाएंगे।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि में मापा जाएगा :—

वह अपने जूते उतार देगा और मापदण्ड (स्टैण्डर्ड) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाए एड़ियों के, पांवों के अंगूठे या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितम्ब और कन्धे मापदण्ड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीचे रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (बटेक्स आफ हैण्ड लेवल) हारिजेंटल बार (आड़ी छड़) के नीचे जाए। कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों के भागों में मापा जाएगा।

4. उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका इस प्रकार है :—

उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर के ऊपर उठी हों। फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि इसका ऊपरी किनारा असफल का (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोण (इन्फीरियर एंगिल्स) के पीछे लगा रहे और वह फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़े/समतल (हारिजोंटल/प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचा किया जाएगा

और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा। किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कन्धे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं फीता अपने स्थान से हट न जाए। तब उम्मीदवार को कई बार गहरी सांस लेने के लिए कहा जाएगा तथा छाती के अधिक से अधिक फैलाव पर सावधानी से ध्यान दिया जाएगा। और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटर में रिकार्ड किया जाएगा जैसे 84-89, 86-93.5 आदि। माप रिकार्ड करते समय आधी सेंटीमीटर से कम भिन्न (फ्रेक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

विशेष ध्यान दें:—अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार मापे जाने चाहिए।

5. उम्मीदवार का वजन किया जाएगा और यह किलोग्राम में होगा। आधी किलोग्राम का उसका अंश नोट नहीं करना चाहिए।

6. उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा।

(1) सामान्य (जनरल) : किसी रोग या असामान्यतः (एबनार्मेलिटी) का पता लगाने के लिए उम्मीदवार की आंखों की सामान्य परीक्षा की जाएगी। यदि उम्मीदवार की आंखों में भेंगापन या विकृति अथवा कन्टिगुअस स्ट्रक्चर का कोई ऐसा रोग हो जो उसे अब या आगे किसी समय सेवा के लिए अयोग्य बना सकता है तो उसको अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(2) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुअल एक्यूइटी) : दृष्टि तीव्रता का निर्धारण करने के लिए दो तरह की जांच की जाएगी एक दूर की नजर के लिए और दूसरी नजदीक की नजर के लिए। प्रत्येक आख की अलग--अलग परीक्षा ली जाएगी।

चश्मे के बिना आंख की नजर (नेकड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी, किन्तु प्रत्येक मामले में मेडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा। क्योंकि इससे आंखों की हालत के बारे में मूल–सूचना (बेसिक इन्फार्मेशन) मिल जाएगी।

चश्मे के साथ चश्मे के बिना दृष्टि तीक्ष्णता का मानक निम्नलिखित होगा।

दूर की दृष्टि		निकट की दृष्टि	
अच्छी आंख	खराब आंख	अच्छी आंख	खराब आंख
6/9 अथवा 6/6	6/9 अथवा 6/12	0.6	0.8

टिप्पणी : (1) मायोपिया का कुल परिणाम (सिलेण्डर सहित)—4.00 डी० से अधिक नहीं होना चाहिए। हाइपर मेट्रोपिया का कुल परिणाम (सिलेण्डर सहित) + 4.00 डी० से अधिक नहीं होना चाहिए।

टिप्पणी : (2) फण्डस परीक्षा जहां तक संभव होगा चिकित्सा बोर्ड की विविक्षा पर फण्ड्स परीक्षा की जाएगी और परिणाम रिकार्ड किया जाएगा।

टिप्पणी : (3) कलर विजन—(1) कलर विजन की जांच जरूरी होगी।

(2) नीचे दी गई तालिका के अनुसार रंग का प्रत्यक्ष ज्ञान उच्चतर (हायर) और निम्नतर (लोअर) ग्रेड़ों में होना चाहिए। ला लैंटर्न एपर्चर के आकार पर निर्भर होगा :—

ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का उच्चतर ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का निम्नतर ग्रेड
1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	4.9 मीटर	4.9 मीटर
2. द्वारक (एपर्चर) का आकार	1.3 मि० मी०	1.3 मि०मी०
3. उद्भाषण काल	5 सेकण्ड	5 सेकण्ड

भारतीय भू–विज्ञान सर्वेक्षण से संबंधित भू–विज्ञानी (कनिष्ठ) तथा सहायक भू–विज्ञानी तथा केन्द्रीय भूमि–जल बोर्ड से संबंध कनिष्ठ जल तथा भू–विज्ञानी तथा सहायक जल–भू–विज्ञानी के पदों के लिए रंगों का प्रत्यक्ष ज्ञान तथा आंखों से संबंधित सभी चिकित्सा मानकों का स्तर ऊंचा होगा।

(3) लाल संकेत, हरे संकेत और रंग को आसानी से और हिचकिचाहट के बिना पहचान लेना संतोषजनक कलर विजन है। शिहारा के प्लेटों के इस्तेमाल को जिन्हें एंडिज ग्रीन की लैटर्न जैसी उपयुक्त लैटर्न और उसकी रोशनी में दिखाया जाता है। कलर विजन की जांच करने के लिए बिल्कुल विश्वसनीय समझा जाएगा। वैसे तो दोनों आंखों में से किसी भी एक जांच को साधारण तथा पर्याप्त समझा जा सकता है। लेकिन सड़क, रेल और हवाई यातायात से संबंधित सेवाओं के लिए लैटर्न से जांच करना लाजमी है। शक वाले मामले में जब उम्मीदवार की किसी एक जांच करने पर अयोग्य पाया जाए तो दोनों ही तरीकों से जांच करनी चाहिए।

टिप्पणी : (4) दृष्टि क्षेत्र (फिल्ड आफ विजन) : सम्मुख विधि (कन्फ्रंटेशन मेथड) द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब क्षेत्र को परमापी (पैरामीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

टिप्पणी : (5) रतौंधी (नाइट ब्लाइण्डनेस) केवल विशेष मामलों को छोड़कर रतौंधी की जांच अनिवार्य रूप से जरूरी नहीं है। रतौंधी में दिखाई न देने की जांच करने के लिए कोई स्टैण्डर्ड टैस्ट निश्चित नहीं है। मेडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टैस्ट कर लेने चाहिए जैसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अंधेरे कमरे में लाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विविध चीजों की पहचान करवा कर दृष्टि तीक्ष्णता रिकार्ड करना। उम्मीदवारों के कहने पर ही हमेशा विश्वास नहीं करना चाहिए। परन्तु उन पर उचित विचार किया जाना चाहिए।

टिप्पणी : (6) दृष्टि की तीक्ष्णता से भिन्न आंख की दिशाएं (आक्यूलर कण्डीशन्स)।

(क) आंख की अंग संबंधी बीमारी को या बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (रिएक्टिव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्ष्णता से कम होने की संभावना हो, अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(ख) रोहे (ट्रकोमा) रोहे जब तक भयानक न हों, साधारणतः अयोग्यता का कारण नहीं समझना चाहिए।

(ग) भेंगापन जहां दोनों आंखों की दृष्टि का होना जरूरी है भेंगापन अयोग्यता माना जाएगा, चाहे दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की ही क्यों न हो।

(घ) एक आंख वाला व्यक्ति एक आंख वाले व्यक्ति को नियुक्ति हेतु अनुशंसा की जाएगी।

7. रक्त दाब (ब्लड प्रेशर)

